सुविचार
आत्मनिर्भरता सच्ची स्वतंत्रता की कुंजी है।
-लाल बहादुर शास्त्री

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज *Published from Ranchi*

12
Alia Bhatt And Ranbir Kapoor's...

Ranchi ● Sunday, 12 January 2025 ● Year : 02 ● Issue : 350 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

SARAFA

सोना	:	7,495
चांदी	:	101.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

इरफान अंसारी की याचिका पर 24 को 'सुप्रीम' सुनवाई

RANCHI : साल 2018 में दुष्कर्म की शिकार एक बच्ची की तस्वीर अस्पताल से वायरल होने के बाद हेमंत सरकार के वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के खिलाफ अदालत ने संज्ञान लिया था। इस मामले में उनके खिलाफ जामताड़ा थाना में केस दर्ज हुआ था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि विधायक इरफान अंसारी के मोबाइल से बच्ची की तस्वीर वायरल हुई है। दुमका सिविल कोर्ट ने 21 दिसंबर 2022 को इरफान अंसारी के विरुद्ध चार्जफ्रेम किया था। इसके खिलाफ इरफान अंसारी ने झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। अब उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट के उसे फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच में इरफान अंसारी की याचिका पर सुनवाई चल रही है। कोर्ट में 24 जनवरी को इस मामले की सुनवाई होगी।

नशे में वर्दी पहनकर सीओ व थानेदार से भिड़ा रिटायर्ड फौजी

PLAMU : पलामू जिले के पड़वा थाना क्षेत्र के गाड़ीखास गांव में एक रिटायर्ड फौजी नशे में वर्दी पहनकर सीओ और थाना प्रभारी से भिड़ गया। पूछताछ के बाद उसे थाना लाया गया और फिर मेडिकल जांच कराई गई। रिटायर्ड आर्मी जवान की पहचान बिहार के जहानाबाद जिले के मकदुमपुर निवासी विशाल सिंह के रूप में हुई है। उसने छतरपुर के डाली के रहने वाले रिटायर्ड आर्मी के जवान शंभू सिंह की वर्दी पहन रखी थी। जानकारी के अनुसार शनिवार को पड़वा थाना क्षेत्र के गाड़ीखास गांव में अंचलाधिकारी अमित कुमार झा और थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव नेशनल हाईवे की जमीन से संबंधित विवाद मामले को लेकर जांच के लिए पहुंचे थे। इसी क्रम में चारपहिया वाहन से गुजर रहे रिटायर्ड आर्मी के जवान विशाल कुमार ने भीड़ भाड़ देखकर अपनी गाड़ी रोक दी। गाड़ी से उतरकर थाना प्रभारी और अंचलाधिकारी से भिड़ गया। शराब के नशे में रहने के कारण सीओ और थाना प्रभारी ने उससे पूछताछ की।

कोंडापोचम्मा सागर बांध में डूबकर पांच युवकों की मौत

SIDDIPET : तेलंगाना के सिद्दीपेट जिले के मार्कूक मंडल के कोंडापोचम्मा सागर बांध में गिरने से हैदराबाद के पांच युवकों की शनिवारको जान चली गई। बताया गया कि शहर के सात युवक आज कोंडापोचम्मा सागर में तैराकी करने गए थे। इसी दौरान इनमें से पांच युवक सागर के पानी में डूब गए और उनकी मौत हो गई। सभी युवकों के शव बरामद कर लिए गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सात युवक सागर में तैराकी के लिए आए थे। इनमें से दो युवक सुरक्षित बाहर निकल आये जबकि पांच अन्य युवक डूब गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी कर बचाव अभियान चलाया। पुलिस ने सिंचाई और अन्य लोगों की मदद से सागर में डूबे हुए पांच युवकों के शव बरामद कर लिया। इन युवकों की पहचान हैदराबाद के धनुष, लोहित (17), दिनेश्वर (17), जतिन (17) और श्रीनिवास (17) के रूप में हुई है।

नौकरशाही

ब्रजेश मिश्रा

झारखंड की नौकरशाही में इन दिनों अंदरखाने बड़ी हलचल है, ठंड के मौसम में बदलाव की बयार कब चले, सबकी निगाहें बस इसी पर लगी हैं। इस बीच क्या कुछ चल रहा है सत्ता के गलियारे में, जानें हमारे चीफ एग्जीक्यूटिव एडिटर की कलम से।

न जा कहीं, अब न जा...

राजधानी की नौकरशाही वाले मुहल्ले में घूमते हुए फन्ने गुरु एक चौराहे से गुजरे। अचानक उनकी नजर किनारे की एक दीवार पर जा टिकी। बड़े-बड़े अक्षरों में कुछ लिखा हुआ दिखा। कवि हृदय भाव से भर गया। यूं ही कुछ गुनगुनाने लगे। सहचर के रूप में ज्ञानेंद्रियों को एकाग्रचित्त करते हुए समझने की कोशिश की। पता चला, गुरु मजरुह सुलतानपुरी का गीत दोहरा रहे हैं- न जा कहीं, अब न जा दिल के सिवा...। फिल्म का नाम 'मेरे हमदम, मेरे दोस्त'। संगीतकार लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल और गायक मोहम्मद रफी। मन व्यग्र हो गया, आखिर गुरु वर्ष 2025 में टहलते-टहलते, सन 1968 में कहां पहुंच गए? कुछ देर साथ चलने के बाद रहा नहीं गया, सो पूछ लिया। गुरु, कहां खो गए? पुष्पा के जमाने में आप पुराने गीत गा रहे हैं? बस सवाल पूछने भर की देर थी, गुरु मानो ज्ञान देने के लिए भरे बैठे थे। फिल्म का कनेक्शन सीधे अध्यात्म से जोड़ दिया। बोले, 'बच्चा अभी तू बहुत कच्चा है। ये संसार है, यहां सब कुछ आपस में जुड़ा है। अलग-अलग विषयों में भी परस्पर संबंध होते हैं। कई बार कुछ दिख जाता है और समझ में आ जाता है। मानव समझता है कि वह सृष्टि को समझ गया। अधिकांश बार बहुत कुछ दिखता है, लेकिन समझ नहीं आता। लिहाजा मानव उसके होने का अहसास नहीं कर पाता, लेकिन वह होता है और यही सत्य है।' गुरु का यह ज्ञान सिर के ऊपर से निकल गया, लेकिन जानने की इच्छा प्रबल थी, सो फिर प्रश्न कर दिया। गुरु, बात कुछ पल्ले नहीं पड़ी। गुरु फिर दार्शनिक टाइप, बोले- बच्चा मैंने कहा न, तू अभी कच्चा है। कुछ चीजें अनुभव से समझ में आती हैं, फिर भी तेरी जानने की इच्छा का ख्याल रखते हुए सहज भाषा में बता रहा हूं - 'इस संसार में सारा खेल गठजोड़ का है। गठजोड़, जोड़, जुगाड़, लकड़ी... जैसे इसके कई पर्यायवाची शब्द हैं। मूल भाव यह कि सारा खेल 'लकड़ी' का है। तूने पुष्पा का जिक्र किया था न, इस फिल्म की कहानी में भी 'लकड़ी' है। लाल 'चंदन की लकड़ी'। लकड़ी के बाजार में चंदन की लकड़ी बड़ी कीमती है। चंदन शीतलता प्रदान करता है। यही वजह है कि बड़े-बड़े लोग इसे अपने माथे, कंठ और हृदय से लगा कर रखते हैं। यह वर्षों पुरानी परंपरा है, आज भी इन्हीं परंपराओं का निर्वहन हो रहा है। चंदन का पेड़ जितना पुराना होता है, कंचन की तरह उतना कीमती होता जाता है। पेड़ में चाहे जितने सर्प लिपटे हों, लेकिन इससे चंदन की लकड़ी का महत्व कम नहीं होता। गुरु बात को और आगे बढ़ाते, इससे पहले हाथ जोड़े, प्रणाम किया और निकल लिया। दिमाग में गुरु के शब्द कौंध रहे थे, लकड़ी, चंदन, कंठ, कंचन ...।

अयोध्या का रामलला मंदिर हमारी संस्कृति व अध्यात्म की महान धरोहर : पीएम मोदी

NEW DELHI @ PTI : शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' जारी पोस्ट में अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मोदी ने कहा कि सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष के बाद बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और आध्यात्म की महान धरोहर है। उन्होंने लिखा कि मुझे विश्वास है कि यह दिव्य-भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा। प्रधानमंत्री ने गत वर्ष अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद दिए अपने भाषण का एक वीडियो

प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री ने देशवासियों को दी शुभकामनाएं

- अपने पोस्ट के साथ मोदी ने पहले के एक भाषण का वीडियो भी किया है शेयर
- विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा यह मंदिर

साझा किया। इसमें प्रधानमंत्री ने कहा कि ये (22 जनवरी 2024) कैलेंडर पर लिखी एक तारीख नहीं, ये एक नए कालचक्र का उद्गम है। सदियों की प्रतीक्षा के बाद हमारे अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद हमारे प्रभु राम आ गए। सर्वे भवंतु सुखिनः ये संकल्प हम सदियों से दोहराते आ रहे हैं। उसी संकल्प को राम मंदिर के रूप में साक्षात आकार मिला है।

उग्रवादियों से अलग होकर बनाया था अपना आपराधिक संगठन

आलोक गिरोह के सरगना का खात्मा, मारा गया राहुल तुरी

PHOTON NEWS RAMGARH : शनिवार को जिले के कुजू थाना क्षेत्र के मुरपा में चरही पुलिस ने आलोक गिरोह के सरगना राहुल तुरी को मार गिराया। हजारीबाग और रामगढ़ पुलिस के जरिये चलाए गए ज्वाइंट ऑपरेशन में राहुल तुरी ढेर हो गया। मोस्ट वांटेड अपराधी राहुल तुरी उर्फ आलोक और उसका साथी आकाश करमाली रामगढ़ जिले में एक बड़ी वारदात को अंजाम देने पहुंचा था। जब पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के लिए छापामारी शुरू की, तो उन दोनों ने हवा में हथियार लतराते हुए पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने राहुल के मारे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि दोपहर में ही राहुल और आकाश के कुजू क्षेत्र में छिपे होने की सूचना मिली थी। जब उसे गिरफ्तार करने के लिए हजारीबाग की पुलिस की सहायता से छापेमारी शुरू की गई, तो दोनों ने पुलिस पर ही गोलियां चला दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई शुरू की तो वे लोग मुरपा बस्ती के जंगलों में जाकर छुप गए। इसी दौरान दोनों तरफ से गोलियां चलीं। पुलिस की गोली से राहुल मारा गया।

हजारीबाग-रामगढ़ पुलिस के ज्वाइंट ऑपरेशन में कर दिया गया ढेर

- अपने साथी के साथ पहुंचा था किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने
- छापेमारी करने पहुंची पुलिस पर फायरिंग करने लगे राहुल और आकाश
- राहुल के मारे जाने के बाद आकाश को पुलिस ने कर लिया अरेस्ट
- एसपी अजय कुमार को कुजू क्षेत्र में छिपे होने की मिली थी सूचना
- पुलिस ने बरामद किए दो पिस्तौल, गोलियां और दर्जनों मोबाइल

पहले टीएसपीसी के लिए करता था काम

रामगढ़ में मारा गया कुख्यात अपराधी राहुल तुरी रांची पुलिस का भी वांटेड था। उग्रवादी संगठन टीएसपीसी से अलग होकर राहुल ने आलोक गिरोह नाम का संगठन खड़ा किया था। रांची के बुढ़मू और खलारी इलाके में आगजनी और गोलीबारी की कई वारदात को राहुल तुरी के द्वारा अंजाम दिया गया था। बुढ़मू में जब राहुल के द्वारा छप्पर बालू घाट पर हमला किया गया, उसके बाद उसके खिलाफ इश्तहार जारी किया गया। इश्तहार जारी करने के विरोध में राहुल गिरोह के अपराधियों ने खलारी में खुलेआम तीन ट्रकों को आग के हवाले कर दिया था।

रांची-हजारीबाग-रामगढ़ जिले में कई वारदात को दिया था अंजाम

राहुल की मौत के बाद उसका साथी आकाश करमाली को गिरफ्तार कर लिया गया। मूल रूप से लातेहार जिले का रहने वाला राहुल तुरी उर्फ आलोक मोस्ट वांटेड अपराधी था। उसने रांची, हजारीबाग और रामगढ़ जिले में कई वारदात को अंजाम दिया था। रंगदारी वसूलने के लिए वह लगातार व्यापारियों और ठेकेदारों को फोन करता था। रंगदारी नहीं देने पर वह गोलियां भी चलता था। उसने कई गाड़ियों को भी खलारी थाना क्षेत्र में जलाया था। दो दिन पहले ही हजारीबाग जिले के उरिमरी थाना क्षेत्र में उसने विस्थापित नेता संतोष सिंह को गोली मारी थी।

आतंकी को ट्रांजिट रिमांड पर लोहरदगा से अपने साथ ले गई दिल्ली पुलिस

शाहबाज से 3 दिनों तक पूछताछ करेगी स्पेशल सेल

PHOTON NEWS RANCHI : दिल्ली पुलिस की स्पेशल से लोहरदगा से पकड़े गए अलकायदा मॉड्यूल के संदिग्ध आतंकी शाहबाज अंसारी से पूछताछ करेगी। शनिवार को तीन दिनों की ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली पुलिस शाहबाज को अपने साथ लेकर दिल्ली चली गई। इससे पहले कड़ी सुरक्षा के बीच उसे लोहरदगा कोर्ट में पेश किया गया। बता दें कि शुक्रवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और झारखंड एटीएस की टीम ने संयुक्त रूप से झारखंड के लोहरदगा जिले से शाहबाज को अरेस्ट किया था। शाहबाज अंसारी रांची के चान्हो थाना क्षेत्र का रहने वाला है। राज्य से अब तक 11 संदिग्धों को अरेस्ट किया गया है। इन 11 में आधे से अधिक झारखंड से हैं।

रांची के चान्हो थाना क्षेत्र का रहने वाला है शाहबाज अंसारी

- स्पेशल सेल और एटीएस की टीम ने संयुक्त रूप से लोहरदगा से किया था अरेस्ट

पिछले 20 सालों से झारखंड से आतंकी संगठनों का है कनेक्शन

ऐसा नहीं है कि झारखंड में आतंकी संगठनों का कनेक्शन नया है। यह लगभग 20 साल पुराना है। झारखंड में न केवल अलकायदा इन इंडियन सबकान्टिनेंट मॉड्यूल की एक्टिविटी रही है, बल्कि यहां से लश्कर-ए-तोएबा, आईएसआईएस, अलकायदा, सिम्मी, इंडियन मुजाहिद्दीन जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के आतंकी संगठनों से जुड़े लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हजारीबाग से गिरफ्तार फैजान अहमद को मास्टर माइंड डॉ. इश्तियाक ने ट्रेनर बनाया था। उसका काम था कि सेंटर में आने वाले युवकों को वह हथियार चलाने व बम बनाने का प्रशिक्षण देना। इसके लिए मॉड्यूल से जुड़े सभी संदिग्ध कई ग्रुप से भी जुड़े थे। इनमें कुछ सदस्य पाकिस्तान, अफगानिस्तान के भी थे।

छत्तीसगढ़ में 43 लाख के इनामी नौ नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

- सरेंडर करने वाले में दो महिलाएं भी शामिल
- प्रतिबंधित संगठन के भीतर जारी अंदरूनी कलह से निराश थे सभी नक्सली

SUKMA : शनिवार को छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों पर हमलों में कथित रूप से शामिल नौ कुख्यात नक्सलियों ने शनिवार को आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने इन नक्सलियों पर कुल 43 लाख रुपये का इनाम था। सुकमा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) किरण चव्हाण के मुताबिक, दो महिलाओं समेत नौ नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली खोखली और अमानवीय माओवादी विचारधारा तथा प्रतिबंधित संगठन के भीतर जारी अंदरूनी कलह से निराश हैं। आत्मसमर्पित में से दो नक्सली पर 08-08 लाख, चार नक्सली पर 05-05 लाख, एक महिला नक्सली पर तीन लाख एवं एक महिला व एक पुरुष नक्सली पर दो- दो लाख का इनाम घोषित है। चव्हाण के अनुसार, नक्सलियों की प्लाटून संख्या 24 के कमांडर रनसाई उर्फ ओयम बुस्का (34) और पीएलजीए बटालियन संख्या 1 की कंपनी विंग के सदस्य प्रदीप उर्फ रव्वा राकेश (20) पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि चार अन्य नक्सलियों पर पांच-पांच लाख रुपये, एक महिला नक्सली पर तीन लाख रुपये और दो अन्य नक्सलियों पर दो-दो लाख रुपये का इनाम था।

गुरुजी का नाम ही काफी आदिवासी गरीब पिछड़ों के लिए यही हैं रत्न : हेमंत

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन 81 वसंत देख चुके यानी 81 साल के हो चुके। मोरहाबादी आवास पर पूरे परिवार और कार्यकताओं के साथ 81 पाउंड का केक काट जन्मदिन मनाया गया। शिबू सोरेन की तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए उन्होंने खुद केक नहीं काटा, बल्कि उनके पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केक काटा। इस मौके पर मीडिया से मुखातिब हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज का दिन राज्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। राज्य के आंदोलनकारी आदरणीय दिशोम गुरु 82 वर्ष के पड़ाव में कदम रख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिबू सोरेन किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं और हम लोग उनके सिपाही हैं। हर साल की तरह इस साल भी हम सब पूरे उत्साह से दिशोम गुरु का जन्मदिन पूरे हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज का दिन राज्य के लिए महत्वपूर्ण है। गुरुजी का नाम काफी है, आदिवासी गरीब पिछड़ों के लिए यही रत्न हैं।

81 साल के हुए दिशोम गुरु शिबू सोरेन
81 पाउंड का कटा केक

- तबीयत ठीक नहीं होने के कारण उनके पुत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने काटा केक
- मोरहाबादी आवास में मना जन्मदिन का जश्न
- रघुवर दास ने भी उनसे मिलकर दी बधाई

बधाई देने वालों का लगा रहा तांता

जन्म दिन को लेकर मोरहाबादी स्थित उनके आवास पर जश्न का माहौल रहा। उनसे मिलने और बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। ओडिशा के राज्यपाल का पद छोड़ भाजपा में शामिल हुए रघुवर दास भी उनके आवास पर पहुंचे और उन्हें बधाई दी। इसके साथ ही विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने भी उनसे मिल बधाई दी। शिबू सोरेन का जन्म वर्तमान रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड के नेमरा में 11 जनवरी 1944 को हुआ। गांव के ही स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा लिए दिशोम गुरु का जीवन संघर्षों भरा रहा है। महज 13 साल की उम्र के थे, जब उनके पिता की हत्या महाजनों ने कर दी। इसके बाद शिबू सोरेन ने पढ़ाई छोड़ दी। पिता की हत्या के बाद पढ़ाई छोड़ कर महाजनों के खिलाफ संघर्ष का फैसला किया।

नई सोच फैसलों में पारदर्शिता को लेकर और सख्त बनाए जाएंगे नियम

जीएम फसलों की पॉलिसी में सुधार से खुलेगा विकास का नया द्वार

PHOTON NEWS @ RESEARCH DESK : केंद्र की मोदी सरकार ने कृषि क्षेत्र में फसलों के उत्पादन और क्वालिटी को बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इस संदर्भ में अपनाई गई नीति में लगातार सुधार के बारे में भी सोचा जा रहा है। अनुवांशिक रूप से संशोधित (जीएम) फसलों से जुड़ी नीति के विवाद को हल करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। इस संदर्भ में अब नियमों को और कड़ा किया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से 31 दिसंबर 2024 को जारी एक नई अधिसूचना के मुताबिक जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (जीईएसी) के सदस्यों को अब अपने व्यक्तिगत या पेशेवर हितों की जानकारी देनी होगी। नोटिफिकेशन में यह स्पष्ट किया गया है कि अगर किसी सदस्य का किसी विचाराधीन मुद्दे से सीधे या परोक्ष रूप से संबंध है, तो उन्हें इस पर बात करने या इस पर फैसला देने से बचना होगा। इन नियमों का पालन करने के लिए समिति में शामिल होने वाले सदस्यों को लिखित रूप में यह बताना होगा कि उनका कोई हितों का टकराव है या नहीं।

किसी भी विवाद के अंतिम निपटारे में सभी पक्षों के विचारों को दिया जाएगा महत्व

स्टेकहोल्डर्स को आपत्ति और सुझाव देने के लिए दिया गया है दो माह का समय

किसी सदस्य का विचाराधीन मुद्दे से संबंध है, तो इस पर फैसला देने से बचना होगा

पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए बनाए गए नियमों से नहीं होगा समझौता	जीईएसी के सदस्यों को अब अपने व्यक्तिगत या पेशेवर हितों की देनी होगी जानकारी	31 दिसंबर 2024 को केंद्र सरकार की ओर से जारी किया जा चुका है नोटिफिकेशन

दायर याचिकाओं पर सख्त निगरानी की जरूरत

पहली बार 1989 में बनाए गए ये नियम आनुवंशिक रूप से संशोधित जीवों (जीएमओ) और खतरनाक सूक्ष्मजीवों के निर्माण, उपयोग, आयात, निर्यात और भंडारण को नियमित करते हैं। ये नियम पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। सरकार ने इन बदलावों पर आपत्ति और सुझाव देने के लिए जनता को 60 दिन का वक्त दिया है। बता दें कि बीते साल जुलाई में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की जीएम सरसों को मंजूरी देने के खिलाफ दायर की गई याचिकाओं पर ऐसे मामलों में सख्त निगरानी की जरूरत पर बल दिया। जीएम फसलों की लागत अधिक होती है, क्योंकि इसके लिए हर बार नया बीज खरीदना पड़ता है।

क्या है जीएम फसल

नए वैज्ञानिक और तकनीकी युग में अब जेनेटिक इजीनियरिंग के माध्यम से किसी भी जीव या पौधे के जीन को अन्य पौधों में डालकर एक नई फसल प्रजाति विकसित की जाती। जीएम फसल उन फसलों को कहा जाता है, जिनके जीन को वैज्ञानिक तरीके से रूपांतरित किया जाता है। जीएम फसलों का बीज साधारण बीज से कहीं अधिक उत्पादकता प्रदान करता है। इससे कृषि क्षेत्र की कई समस्याएं दूर हो सकती हैं और फसल उत्पादन का स्तर सुधरेगा। जीएम फसलें सूखा-रोधी और बाढ़-रोधी होने के साथ कीट प्रतिरोधी भी होती हैं।

अब तक 11 लोगों की जा चुकी है जान

4 दिन बाद भी नहीं बुझी कैलिफोर्निया में लगी आग

AGENCY NEW DELHI : 4 दिन बाद भी शनिवार तक अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में लगी आग नहीं बुझ सकी है। इसमें अब तक 11 लोगों की मौत हो चुकी है। राष्ट्रपति जो बाइडेन का कहना है कि अभी भी बहुत से लोग लापता हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, लॉस एंजिलिस (एलए) में लगी आग से अब तक करीब 4.30 लाख करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। यहां पर आग को कुछ हद तक काबू तो किया गया है, लेकिन एक्सपर्ट्स को डर है कि वीकेंड में फिर से तेज हवाएं चल सकती हैं।



- तेज हवाओं के कारण आग पर काबू पाना हो रहा मुश्किल
- अब तक करीब 4.30 लाख करोड़ रुपये के नुकसान का लगाया जा रहा अनुमान
- कई हॉलीवुड सेलेब्रिटीज के जल गए आवास, उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस का खाली कराया गया घर

'अरब सागर की रानी' कोच्चि की अविस्मरणीय यात्रा

घुमक्कड़ की पाती

किसी ने अपने गृह राज्य के किस्से सुनाए, तो किसी ने खाने के शौक के बारे में बात की। जैसे-जैसे ट्रेन दक्षिण भारत की ओर बढ़ रही थी, खिड़की से बाहर का दृश्य बदल रहा था। उत्तर भारत की धुंधली सर्दियों से निकलकर मैं मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की हरियाली और अंत में कर्नाटक के घने जंगलों के करीब पहुंचा। हर स्टेशन पर ट्रेन रुकती और मैंने वहाँ के स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लिया। तीन दिन की यात्रा के बाद मैं कोच्चि के एनार्कुलम जंक्शन स्टेशन पर पहुंचा। ट्रेन से उतरते ही हवा में हल्की नमी और समुद्र की गंध का एहसास हुआ। कोच्चि का मौसम दिल्ली से बिलकुल अलग था - न अधिक गर्म, न ठंडा, बस एक आरामदायक वातावरण।



संजय शेफर्ड
नई दिल्ली

दिल्ली से कोच्चि की यात्रा ने मेरे जीवन में एक नई ऊर्जा और अनुभवों की झलक भरी। यह यात्रा केवल स्थान बदलने का साधन नहीं थी, बल्कि एक आत्मिक यात्रा भी थी। मेरी इस यात्रा की शुरूआत दिल्ली से हुई, मैं अपने सामान के साथ सुबह-सुबह नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचा। सर्दियों की हल्की ठंड और स्टेशन की हलचल ने मुझे सफर के लिए रोमांचित कर दिया। मेरा टिकट राजधानी एक्सप्रेस का था, जो दिल्ली से सीधे कोच्चि तक जाने वाली ट्रेन है। ट्रेन के डिब्बे में कदम रखते ही सफर की शुरूआत का अहसास हुआ। यह ट्रेन का सफर अपने आप में बेहद खास था। मेरे डिब्बे में कई अलग-अलग राज्यों के लोग सफर कर रहे थे। मैंने अपने सहयात्रियों से बातचीत शुरू की और जल्द ही हम सब एक परिवार की तरह महसूस करने लगे।

किसी ने अपने गृह राज्य के किस्से सुनाए, तो किसी ने खाने के शौक के बारे में बात की। जैसे-जैसे ट्रेन दक्षिण भारत की ओर बढ़ रही थी, खिड़की से बाहर का दृश्य बदल रहा था। उत्तर भारत की धुंधली सर्दियों से निकलकर मैं मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की हरियाली और अंत में कर्नाटक के घने जंगलों के करीब पहुंचा। हर स्टेशन पर ट्रेन रुकती और मैंने वहाँ के स्थानीय व्यंजनों का स्वाद लिया। तीन दिन की यात्रा के बाद मैं कोच्चि के एनार्कुलम जंक्शन स्टेशन पर पहुंचा। ट्रेन से उतरते ही हवा में हल्की नमी और समुद्र की गंध का एहसास हुआ। कोच्चि का मौसम दिल्ली से बिलकुल अलग था - न अधिक गर्म, न ठंडा, बस एक आरामदायक वातावरण।

स्टेशन से बाहर निकलते ही मैंने ऑटो लिया और फोर्ट कोच्चि की ओर निकल पड़ा। रास्ते में नारियल के पेड़, साफ-सुथरी सड़कें और जगह-जगह बैकवाटर के दृश्य मुझे मंत्रमुग्ध कर रहे थे। फोर्ट कोच्चि पहुंचकर मैंने सबसे पहले वहाँ के प्रसिद्ध चीनी मछली जाल देखे। स्थानीय मछुआरों को मछली पकड़ते देखना अपने आप में एक अद्भुत अनुभव था। मैंने एक होमस्टे में ठहरने का निर्णय लिया, जहाँ मुझे कोच्चि की संस्कृति को करीब से जानने का मौका मिला। कोच्चि में मेरे अनुभवों में सबसे खास थे यहूदी सिंनागॉग, सेंट फ्रांसिस चर्च और डच पैलेस की यात्राएँ।

यहूदी सिंनागॉग, जिसे परदेशी सिनेगॉग भी कहा जाता है कोच्चि की सबसे पुरानी धार्मिक संरचनाओं में से एक है। 1568 में निर्मित यह स्थल यहूदी समुदाय की प्राचीन संस्कृति का प्रतीक है। सिंनागॉग पहुँचने पर मुझे सबसे पहले इसके शांत वातावरण ने आकर्षित किया। अंदरूनी भाग में प्रवेश करते ही मैंने चारों ओर खूबसूरत चीनी टाइल्स देखीं, जो हाथ से बनाई गई थीं और हर टाइल अनोखी थी। छत पर लगे झूमर और दीवारों पर लिखी हिब्रू लिपियाँ इस स्थान को ऐतिहासिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाती हैं। यहाँ की पवित्रता और इतिहास को महसूस करते हुए मैंने इस समुदाय की संघर्ष और सफलता की कहानियों को समझा। यह यात्रा सचमुच मेरे लिए बहुत ही लाजवाब थी।

यहूदी सिंनागॉग देखने के बाद मेरा मन सेंट फ्रांसिस चर्च देखने का था, जो कोच्चि के सबसे पुराने यूरोपीय चर्चों में से एक है। यह चर्च भारत में पुर्तगाली प्रभाव का एक प्रमुख उदाहरण है। चर्च के अंदर प्रवेश करते ही मुझे लकड़ी की पुरानी छत और दीवारों पर पुर्तगाली सैनिकों की कब्रें देखने को मिलीं। इस चर्च की सबसे खास बात यह है कि यह वास्को डी गामा की पहली समाधि स्थल भी था। चर्च के शांत और आध्यात्मिक वातावरण ने मुझे अंदर तक प्रभावित किया। मैंने वास्को डी गामा की समाधि स्थल पर कुछ समय बिताया और डच पैलेस की तरफ रुख किया, जो मेरी यात्रा का अगला गंतव्य था।

डच पैलेस, जिसे मट्टनचेरी पैलेस के नाम से भी जाना जाता है, कोच्चि के शाही इतिहास का प्रतीक है। यह पैलेस कोचीन के राजा द्वारा पुर्तगालियों से प्राप्त किया गया था और बाद में डचों ने इसे पुनर्निर्मित किया। पैलेस के अंदर मैंने वहाँ के भित्तिचित्रों को देखा, जो रामायण और महाभारत के दृश्यों को चित्रित करते हैं। यहाँ का हर कोना कला और इतिहास की अद्भुत प्रस्तुति करता है। मैंने वहाँ संग्रहालय भी देखा, जिसमें पुराने हथियार, वस्त्र और राजाओं के उपयोग की वस्तुएँ प्रदर्शित थीं।

इन सबके अलावा मेरे पास दो दिन का समय शेष था, जिसमें मैंने मराइना ड्राइव, वायपीन द्वीप, केरल बैकवाटर, लुलु मॉल और चेराई द्वीप देखने का प्लान बनाया। मराइना ड्राइव भी कोच्चि का एक प्रसिद्ध स्थल है, जहाँ स्थानीय लोग और पर्यटक सैर करने आते हैं। अरब सागर के किनारे स्थित यह स्थान सूरज ढलने के समय विशेष रूप से खूबसूरत लगता है। यहाँ मैंने समुद्र की लहरों की आवाज का आनंद लिया और नारियल पानी पीते हुए कुछ समय बिताया। मराइना ड्राइव का शांत माहौल और समुद्री हवा ने मुझे इस स्थान से जोड़ दिया।

हाउसबोट और लजीज व्यंजन

कोच्चि के पास स्थित बैकवाटर का अनुभव मेरे सफर का मुख्य आकर्षण था। मैंने एक हाउसबोट किराए पर ली और वहाँ के शांत पानी और हरे-भरे नजारों का आनंद लिया। हाउसबोट की धीमी गति से चलते हुए मैं बैकवाटर के किनारे बसे छोटे-छोटे घरों और धान के खेतों को देखता रहा। रास्ते में मैंने पक्षियों को करीब से देखा और कुछ स्थानीय व्यंजन भी चखे। बैकवाटर की सवारी ने मुझे प्रकृति के साथ जुड़ने का अवसर दिया।

केरल के मसाले

`लुलु मॉल भारत के सबसे बड़े मॉल्स में से एक होने के नाते कोच्चि का प्रमुख आकर्षण है। यहाँ खरीदारी करना और विभिन्न व्यंजनों का स्वाद लेना अपने आप में एक अनोखा अनुभव था। मैंने यहाँ से कुछ स्थानीय हस्तशिल्प खरीदे और केरला के खास मसालों का भी संग्रह किया। मॉल में मौजूद आधुनिक सुविधाएँ और मनोरंजन के साधन इसे एक परफेक्ट स्थान बनाते हैं।

वायपीन द्वीप में फेरी की सवारी

वायपीन द्वीप कोच्चि से थोड़ी दूरी पर स्थित एक सुंदर द्वीप है। मैंने यहाँ तक पहुँचने के लिए मैंने फेरी की सवारी की, जो अपने आप में एक अलग अनुभव था। फेरी से यात्रा करते समय समुद्र के नीले पानी और नारियल के पेड़ों के झुरमुट ने मन को ताजगी दी। द्वीप पर मौजूद छोटे-छोटे गाँव, समुद्र तट और शांत वातावरण ने मुझे बहुत प्रभावित किया। इसकी स्मृति अभी भी मेरे पास है।

समुद्र की रेत पर चलने का आनंद

इतना कुछ देखने और जानने के बाद हमें थोड़ा सकून चाहिए था, जो हमें चेराई बीच पर जाकर मिला। यह कोच्चि से थोड़ी दूरी पर स्थित एक अद्भुत समुद्र तट है। मैंने यहाँ समुद्र की लहरों का आनंद लिया और शाम के समय सूरज डूबने का दृश्य देखा। सूरज की सुनहरी किरणें जब पानी पर पड़ती हैं तो वह दृश्य बेहद मनमोहक लगता है। समुद्र तट की रेत पर चलने का अनुभव और स्थानीय मछुआरों से बातचीत करना मेरे लिए खास रहा।

समुद्री भोजन का भी उठाया लुत्फ

मैंने वहाँ के ताजे समुद्री भोजन का भी लुत्फ उठाया और देर रात को ट्रेन पकड़कर वापस दिल्ली आ गया। लेकिन, कोच्चि अभी भी हमारी स्मृतियों में बसा है, यह आगे भी हमारी स्मृतियों में ही रहेगा। इस जगह की यात्रा करना सचमुच बहुत ही खूबसूरत और खास अनुभव है।

सविता सिंह मीरा
जमशेदपुर

मेरी साँसों में तुम

बसूँ साँसों में तेरी सदा राधा जैसी,
हरे तू विघ्न मेरा दीवानी मीरा सम,
है ये चाहत की रुक्मणी ही बनूँ तेरी,
नहीं चाहूँ कभी मैं वर छलिया मोहन
सम।

मेरे नागर तुझ पर ही सब है वार
दिया,
मोहन तुमने तो कितनों को है तार
दिया,
माना धरती सम गोविन्द मुझ में है
धैर्य बड़ा
और काया से तुमने मुझको इक नार
किया।

तेरी साँसों में कोई और बसे कैसे
सहूँ,
तू किसी और को बाँहों में कसे कैसे
सहूँ,
इससे बेहतर है कि बन जाऊँ जोगन
मीरा,
और दुनिया की गरल यूँ सदा पीती
रहूँ।

SCAN ME

1. हमें अपना फीडबैक, सुझाव या टिप्पणियां देने के लिए दिए गए बार कोड को स्कैन करें या मेल करें।
2. आप हमें अपनी रचनाएं, कविता या आलेख भी भेज सकते हैं। जिसे हम अपने आने वाले अंक पर प्रकाशित करेंगे।

Email- thephotonnewsjharkhand@gmail.com

व्यंग्य ■ बर्बरीक

'प्रयोगशाला से प्रेमपत्र'

दिलीप कुमार

तो देवियों और सज्जनों। मसला-ए-खास यह है कि हिंदी माध्यम से पढ़े विद्यार्थी को विज्ञान संकाय में साथ पढ़ रही एक लड़की से प्रयोगशाला में ही प्रेम हो जाता है। प्रेम जाति-धर्म, स्थान और भाषा की वर्जनाएं नहीं मानता। तो प्रेम में आतुर विज्ञान के होनहार छात्र ने अपनी प्रेयसी को पत्र लिखा जो कि यूँ शाया हुआ है।

हे मेरे हृदय के प्रयोगशाला की मैडम क्यूरी.....। मेरे मन और जीवन का सबसे बड़ा नोबेल पुरस्कार तो तुम्ही हो। तुमसे मिलना मेरे लिये 'रॉयल साइंटिफिक सोसाइटी' की मानद सदस्यता प्राप्त करने जैसा है। ये प्रेम पत्र नहीं, बल्कि मेरे बरसों की कठिन अध्ययन, अन्वेषण एवं विज्ञान साधना के पश्चात लिखी प्रेम की पीयचडी के थीसिस के समान है। जिस प्रकार मरुस्थलीय भूमि पर कहीं-कहीं हरियाली पाए जाने पर वह जगह नखलिस्तान कही जाती है उसी प्रकार तुम्हारी एंजाइम की भांति उपस्थिति से मेरे नीरस और न्यूट्रॉन की भांति उदासीन जीवन में आइंस्टीन का सापेक्षवाद प्रेम बनकर भर गया है और तुम्हारे आकर्षण के जाइलम से मैं प्रेम वेदना से भर गया हूँ। तुम्हारे सापेक्ष मैं उसी भांति आकर्षित हूँ जिस प्रकार चुम्बक सदैव लौह धातु पर आकर्षित रहता है। डार्विन की खोज की तरह अगणित वर्षों से जिस मृगनयनी का मैं अन्वेषण कर रहा था, वह मुझे मिली भी तो प्रयोगशाला में। मेरे डीएनए में मौजूद एक्स गुणसूत्र ने कितने वाई गुणसूत्र पर प्रेम विकिरण प्रसारित करने के अगणित प्रयास किये। परन्तु केकुले के बेंजीन संरचना की स्वप्न वाली सर्पनुमा परिकल्पना मेरे जीवन में यथार्थ रूप से तब उतरी, जब तुम्हारे नागिन जैसे केशों ने अनजाने में मेरे वस्त्रों को छुआ। जिस तरह पेड़ से गिरते हुए सेब को देखकर न्यूटन को कालजयी विचार सूझे थे, उसी तरह कंधे से नीचे झूल कर गिर रहे केशों ने जब मेरी कमीज को स्पर्श किया तो मेरे आवेश रहित न्यूट्रॉन टाइप जीवन में अल्फा, बीटा एवं गामा के विकिरण का संचार हो उठा। तब मेरे शरीर के करीब 6 लीटर खून में तुम्हारे सौंदर्य का आकर्षण शिराओं से होकर मन मस्तिष्क में विराजमान हो गया। हे चित्तहरणी, बस तभी से ही तुम्हारे लंबे केशों, मोहक नेत्रों के सम्मोहक विकिरण से मेरे रक्त का चाप बहुत बढ़ा रहता है। मेरे नेत्र तुम्हारी हरियाली भरी उपस्थिति को तब तक अवशोषित करते रहते हैं, जब तक मेरे मन में प्रेम के प्रकाश संश्लेषण से सब हरा-भरा और बाग-बाग यानी ग्रीन और गार्डन-गार्डन नहीं हो जाता। यह मन के मिलन की उर्वरा भूमि पर प्रेम के संश्लेषण की प्रक्रिया तब से शुरू हुई, जब से मैंने रसायन शास्त्र की वास्तविक प्रयोगशाला में स्वतः स्फूर्त शारीरिक क्रिया की असली प्रयोगशाला में अनजाने में तुम्हारी परखनली जैसी पतली नाजुक उंगलियों को स्पर्श भी कर लिया था, परखनली माँगने के बहाने। बस तभी से तुम्हारे दी गई खाली परखनली को अपनी किताबों के बीच गुलाब के फूलों की तरह सहेज कर रखा है। उसी खाली और सूनी परखनली की तरह मेरे दिन और रात सूनेपन से भर गए हैं। मेरे हृदय के दो आलिंद और एक निलय में लगातार बहुत सी रासायनिक और भौतिक प्रक्रियाएं हो रही हैं। बस तभी से तुम्हारे प्रेम के सृजन का रसायन निरन्तर द्रवित होता रहता है। तुम्हारे प्रेम से जुड़ी मेरी भौतिक क्रियाएं यह हैं कि मैं जीवित हूँ और रासायनिक क्रिया यह है कि मैं तुम्हारे बिना जी नहीं सकता। यानी मेरी करीब 1600 क्यूबिक सेमी की क्षमता और 130 आईक्यू वाले दिमाग ने प्रेम के रसायन के स्थायी परिवर्तन को ग्रहण कर लिया है। तुमसे प्रेम एक ऐसी रासायनिक प्रक्रिया है, जिसमें मेरा मन पूर्व की भांति भौतिक अवस्था में वापस नहीं आ सकता। तुम्हारी कार्बन जैसी काली आंखें, लाल लिटमस पत्र जैसे होंठ, शंकु के आकार की नाक और कैल्शियम जैसी दांतों के चुम्बकीय प्रभाव से मेरे आसपास प्रेम व आकर्षण का एक वृहत विद्युत क्षेत्र बन गया है, जिससे मेरे शरीर की इश्क रूपी कोशिकायें तुम्हारे प्रति जबरदस्त रूप से आवेशित हो गई हैं।

सो हे प्राण प्रिये, विपरीत ध्रुव तो वैसे भी एक-दूसरे को आकर्षित करते ही रहे हैं। इसीलिये तुम्हारे शरीर से निकलने वाली सुगंधित असमांगी मिश्रण वाली गैसें मेरे मन मस्तिष्क में प्रेम रूपी द्रव्य का संचार करती हैं और यही एक ठोस वजह है, जिससे मेरे हृदय की धमनियों में प्यार की ध्वनि तरंगें प्रवाहित होकर द्रव के समान तरल हो रही हैं। तथापि कभी-कभार तुम्हारे विरह की वेदना मेरी आँखों की रेटिना से सोडियम के साल्ट युक्त द्रव का भी रिसाव करती है, जो प्रेम की विरह वेदना के मेरे मस्तिष्क में संघनित होने के परिणामस्वरूप होती है। न्यूटन का तीसरा नियम, जो क्रिया के प्रतिक्रिया पर आधारित है। क्या वह मेरे एक्शन पर बराबर रिएक्शन नहीं कर रहा है? क्या तुम्हारे मन की पीरियोडिक टेबल में मेरे नाम का कोई भी रासायनिक पदार्थ नहीं है। हे प्राणप्रिये, प्रत्येक क्रिया के बराबर एक विपरीत प्रतिक्रिया तो होती ही है। फिर आर्किमिडीज के सिद्धांत की भांति मेरे प्रेम की नाव आगे क्यों नहीं बढ़ रही है?

मेरा मतलब है कि एक दिन तुम्हारें इन न्यूट्रॉन की भांति उदासीन प्रेम के अणुओं को मेरे प्रेम से आवेशित परमाणु अवश्य ही प्रेम का बल लगाकर अल्प समय में ही हमारे तुम्हारे बीच की लंबी प्रकाश वर्ष के भांति की दूरी को कम कर लेंगे। मेरा यही प्रेम तुम्हें कठोरता से द्रव्यता की ओर विस्थापित करेगा और हम एक दिन हम अवश्य ही दो जिप्सम एक सॉलिड जान बनेंगें।

हे विज्ञान की छात्रा, मैं हर हाल में तुम्हारे मन मस्तिष्क के सफेद लिटमस पत्र को अपने प्रेम के प्रकाश के परावर्तन से नीला करके ही दम लूंगा, भले ही मेरे जीवन की प्रकाश संश्लेषण क्रिया बंद हो जाए। सिर्फ तुम्हारे दिल के केन्द्रक का ऊर्जा का केंद्र तुम्हारा....आइंस्टीन प्रसाद (कक्षा में तुम्हारी सीट के ठीक दो सीट पीछे बैठने वाला)

BRIEF NEWS

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने केक काटकर मनाया जन्मदिन

RANCHI : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को पार्टी कार्यकताओं और परिवार के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। मरांडी ने समर्थकों और पार्टी नेताओं की शुभकामनाएं स्वीकार करते हुए सभी के प्रति आभार जताया। मरांडी को सोशल मीडिया पर कई नेताओं ने जन्मदिन की बधाई दी है। साथ ही बैनर पोस्टर के जरिये भी जगह-जगह उन्हें बधाई दी गयी है। उल्लेखनीय है कि गिरिडीह के कोदाईबांक गांव में 11 जनवरी, 1958 को जन्मे बाबूलाल मरांडी वर्तमान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं और राजधनवार से विधायक हैं।

डीसी ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों को ले की मीटिंग

RANCHI : उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मोरहाबादी मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर शनिवार को समाहरणालय सभागार में बैठक की। इस दौरान उन्होंने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों और सफल संचालन को लेकर विचार-विमर्श किया। साथ ही संबंधित पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल-1 को मैदान के दोनों ओर वाटरप्रूफ पण्डाल, गैलरी, कुर्सी की व्यवस्था, मैदान समतलीकरण, बैरिकेडिंग, स्टेज एवं साउंड बॉक्स के लिए टॉवर निर्माण की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला नजारत उपसमाहर्त्ता को मंच के दोनों तरफ वाटरप्रूफ पंडाल, मंच पर वीवीआईपी के बैठने की व्यवस्था, मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम, परेड में शामिल कैडेटों के लिए अल्पाहार एवं पुष्प सज्जा की व्यवस्था आदि से संबंधित तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

देश के इतिहास में महिलाओं का योगदान अद्वितीय : गवर्नर

RANCHI : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि देश के इतिहास में महिलाओं का योगदान अद्वितीय और प्रेरणादायक रहा है। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले, रानी लक्ष्मीबाई और झारखंड की वीर नायिकाएं, जैसे फूलो-झानो, इस बात के प्रतीक हैं कि महिलाओं ने हमेशा समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्यपाल शनिवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित भारतीय इतिहास लेखन में महिला विमर्श विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि इन महान महिलाओं के योगदान को इतिहास में उचित स्थान दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिक महिला इतिहासकार इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास कर रही हैं और महिलाओं की भूमिका को नए दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत कर रही हैं। यह न केवल इतिहास लेखन को समृद्ध करता है, बल्कि समाज के समग्र विकास में सहायक भी है।

अलबर्ट एक्का चौक पर 100 डेसिबल से अधिक रिकार्ड किया गया साउंड

शहर में हॉस्पिटलों के पास लगातार हो रहा सर्वाधिक शोर, कोई नहीं देखने वाला

VIVEK SHARMA@RANCHI : वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण की समस्या तो दिन पर दिन बढ़ती ही जा रही है, इस बीच शहर में साउंड पॉल्यूशन का संकट भी गहराता जा रहा है। इसका असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। यह शोर अब हॉस्पिटल में इलाज कराने वाले मरीजों के लिए परेशानी बनता जा रहा है। आस-पास का शोर से मरीजों के सामने गंभीर समस्याएं खड़ी हो गई हैं। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सदर हॉस्पिटल के पास ही सबसे ज्यादा साउंड पॉल्यूशन हो रहा है। लेकिन, इसकी मॉनिटरिंग करने वाले जिम्मेदारों को यह दिखाई नहीं दे रहा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि शहर में साउंड पॉल्यूशन पर रोक कौन लगाएगा। हाईकोर्ट ने इसे सख्ती से शहर में लागू कराने का भी आदेश दिया था। इसके बावजूद धड़ल्ले से हाई बेस वाले लाउड स्पीकर का इस्तेमाल किया जा रहा है। राजधानी के अल्बर्ट एक्का चौक पर शनिवार को साउंड पॉल्यूशन का लेवल 100 डेसिबल से ज्यादा था, जो कि निर्धारित मानक से कई गुना अधिक है। सरकारी नियमों के अनुसार, हॉस्पिटलों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास 50 डेसिबल से ज्यादा साउंड नहीं होना चाहिए। लेकिन, वर्तमान स्थिति यह है कि अगर यह समस्या समय रहते हल नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में यह और भी गंभीर हो सकती है।

मॉनिटरिंग करने वाले जिम्मेदारों की नाक के नीचे हो रहे कार्यक्रम

अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों के पास मानक

हाई कोर्ट, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट, शैक्षणिक संस्थानों, हॉस्पिटल, प्रोजेक्ट भवन, नेपाल हाउस और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों की 100 मीटर परिधि में ध्वनि उत्सर्जन के मानक निर्धारित किए गए हैं। इसके तहत सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक 50 डेसीबल और रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक 40 डेसिबल तक निर्धारित हैं। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्र में ध्वनि उत्सर्जन मानक सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक 75 डेसीबेल रहेगा और रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक 70 डेसिबल निर्धारित है। वहीं व्यावसायिक क्षेत्र में ध्वनि उत्सर्जन सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक 65 डेसिबल और रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक 55 डेसिबल निर्धारित है। आवासीय क्षेत्र में ध्वनि उत्सर्जन का मानक 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक 55 डेसिबल और रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक 45 डेसिबल निर्धारित है।

- साउंड पॉल्यूशन कम करने के लिए जल्द से जल्द कारगर कदम उठाना जरूरी
- ध्वनि प्रदूषण से हार्ट अटैक और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का बढ़ जाता खतरा

सड़कों के किनारे हैं बड़े हॉस्पिटल

शहर में अधिकतर बड़े हॉस्पिटल सड़कों के किनारे स्थित हैं, जहां गाड़ियों का शोर मरीजों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। इसके अलावा त्योहारों के दौरान लाउड स्पीकर से होने वाला शोर और भी ज्यादा कष्टकारी हो जाता है, जिससे मरीजों की हालत और भी खराब हो जाती है। कई मरीज विशेषकर दिल की बीमारियों से ग्रस्त तेज आवाज से बहुत ज्यादा प्रभावित होते हैं। कार्डियोलॉजिस्ट की मानें तो मरीजों को और अधिक मानसिक व शारीरिक तनाव का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा साउंड पॉल्यूशन से हार्ट अटैक और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ सकता है।



साइलेंट जोन बनाने का था आदेश

तत्कालीन हेल्थ सेक्रेटरी डॉ. नितिन मदन कुलकर्णी ने झारखंड स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को पत्र लिखकर हॉस्पिटलों के आसपास साइलेंट जोन बनाने का आदेश दिया था। इस आदेश के तहत हॉस्पिटलों के 200 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के लाउड स्पीकर के उपयोग पर रोक लगाने को कहा था। इसके साथ ही गाड़ियों के शोर को भी नियंत्रित करने के लिए उपाय करने का निर्देश दिया था। लेकिन, आज तक इसपर गंभीरता से काम नहीं किया गया।

एक्ट के तहत कार्रवाई का है प्रावधान

साउंड पॉल्यूशन को अपराध माना जाता है और इसके उल्लंघन पर सजा के साथ जुमार्ना हो सकता है। इसके अतिरिक्त पर्यावरण सुरक्षा नियम के तहत भी हॉस्पिटल और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास अधिक साउंड पॉल्यूशन पर कड़ी सजा का प्रावधान है। इसे लेकर 2019 में अपर बाजार के सोशल एक्टिविस्ट ज्योति शर्मा ने उपायुक्त से शिकायत की थी। इसमें उन्होंने सदर हॉस्पिटल के बाहर एक्टिविटी को लेकर भी सवाल उठाए थे। उन्होंने बताया था कि अलबर्ट एक्का चौक पर आए दिन कल्चरल और पॉलिटिकल एक्टिविटी का आयोजन किया जाता रहता है। इससे हमेशा साउंड पॉल्ययूशन होता है। इस पर गंभीरता से एक्शन लेने की जरूरत है। इसके बावजूद आज तक वहां पर बड़े आयोजन किए जाते है। वहीं लाउड स्पीकर का शोर कम ही नहीं हो रहा है।

श्याम बाबा को श्रद्धालुओं ने लगाया चूरमा का भोग

RANCHI : शनिवार को श्री श्याम मंडल रांची ने अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में कार्तिक द्वादशी के अवसर पर खीर चूरमा का भोग अर्पित किया। भोग के मुख्य यजमान वेद प्रकाश बागला ने परिवार के साथ बाबा को भोग अर्पित किया। कार्यक्रम में मंडल के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका के साथ बागला परिवार ने गणेश पूजन और वीर बजरंगबली, शिव परिवार का पूजन किया। इस दौरान भक्तगण कतारबद्ध होकर भोग प्राप्त कर रहे थे। वहीं मंडल के कार्यकताओं ने शुद्ध जल वितरण किया। 300 से अधिक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। अयोध्या राम मंदिर के पहले स्थापना दिवस पर दीपोत्सव भी मनाया गया। इसके साथ ही सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और संकीर्तन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में सदस्यों का योगदान रहा।

झारखंड में मकर संक्रांति के बाद ही मिलेगी ठंड से कुछ राहत

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार को भी राजधानी रांची सहित झारखंड के अन्य इलाकों में ठंड का सितम जारी रहा। अब मकर संक्रांति के बाद ही कड़ाके की ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग की मानें तो इस स्थिति से फिलहाल राहत नहीं मिलेगी। सुबह में कोहरा और दिन में कनकनी का एहसास जारी रहेगा। अगले कुछ दिनों तक सुबह में कोहरा छाया रहेगा। इसके बाद दिन में आंशिक बादल छाए रहेंगे। इससे ज्यादा ठंड महसूस होगी। अगले चार दिनों तक सुबह में कोहरा छाया रहेगा। 12, 13 और 14 जनवरी को आसमान में बादल छाए रहने की संभावना जताई गई है। 16 जनवरी से

कंपाने वाली ठंड से राहत मिलने की उम्मीद है। इस बीच राज्य के गुमला में न्यूनतम तापमान 3.7 डिग्री दर्ज किया गया। उच्चतम तापमान में सरायकेला में 27.6 डिग्री रहा। राजधानी रांची की बात करें तो यहां का न्यूनतम तापमान 7.6 डिग्री रिकार्ड किया गया। अधिकतम तापमान 23.0 डिग्री रहा। मौसम केंद्र के अनुसार, राज्य में अगले कुछ दिनों में न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस दौरान ठंडी हवाओं का सामना लोगों को करना पड़ेगा।

जनजीवन अस्त-व्यस्त

ठंडी हवाएं लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। ठंड के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शाम ढलते ही लोग घरों में दुबक जा रहे है। सड़कों पर सन्नाटा पसरा है। वहीं डॉक्टर भी लोगों को इस ठंड में बचने की सलाह दे रहे है। चूंकि दोपहर में अचानक से लोगों को गर्मी का एहसास हो रहा है। कुछ पल के लिए इस गर्मी के कारण लोग गर्म कपड़ों का इस्तेमाल नहीं कर रहे है। इसके बाद कनकनी वाली हवा चल रही है।

पेट्रोलियम पदार्थों के अवैध भंडारण के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर

RANCHI : शनिवार को जिला प्रशासन ने पेट्रोलियम पदार्थों में मिलावट और अवैध भंडारण के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम ने बालालौंग क्षेत्र में छापा मारा। उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि यहां पेट्रोलियम पदार्थों की चोरी की जा रही है और मिलावट के साथ ही अवैध भंडारण किया जा रहा है। इसके बाद टीम ने जांच करते हुए कार्रवाई में 4200 लीटर पेट्रोल, 250 लीटर डीजल और लगभग 13 लीटर स्प्रिट बरामद किया गया। इस दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नगड़ी विवेक कुमार भी मौजूद थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों मोसाहिद मंसूरी और तौसिफ रजा के खिलाफ विधानसभा थाने में एफआईआर दर्ज की गई है।

राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र को बेहतर बनाने में सहयोग करें डॉक्टर : इरफान अंसारी

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार को झारखंड में पहली बार राज्यस्तरीय दंत सम्मेलन का आयोजन आईएमए हॉल में किया गया। इसमें स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस सम्मेलन में करीब 150 दंत चिकित्सा पदाधिकारी और 20 डेंटल हाइजेनिस्ट्स ने भाग लिया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। जल्द ही रिम्स-2 का निर्माण होगा। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र को बेहतर बनाने के लिए डॉक्टरों का समर्थन और सहयोग मांगा। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के हर नागरिक तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना

दंत चिकित्सकों के साथ स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी। ● फोटोन न्यूज

हमारी प्राथमिकता है। साथ ही कहा कि दंत चिकित्सकों की भूमिका इसमें अहम है। मंत्री ने कहा कि सभी सरकारी डेंटल सेटअप को आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा। ड्यूटी पर डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। एनएचएम के तहत कार्यरत डेंटल सर्जनों का वेतन बढ़ाया जाएगा। डेंटल प्रक्रियाओं को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया जाएगा। डीएसीपी प्रावधान, एमडीएस विशेषज्ञ कैडर और डेंटल स्टाफ की नई भर्तियां की जाएंगी। 1,000 नए पीएचसी की स्थापना होगी, जिसमें डेंटल सेवाएं भी उपलब्ध होंगी।

समर्पित भाव से राष्ट्र और संगठन के लिए करें काम : वीके चतुर्वेदी

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, झारखंड प्रदेश का दो दिवसीय सैन्य महासम्मेलन रांची में शुरू हुआ। इसमें झारखंड के लगभग 10 जिलों के 800 पूर्व सैनिक और मातृशक्ति शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और भारत माता को पुष्पांजलि अर्पित करने से हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल वीके चतुर्वेदी ने संगठन की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संगठन देश की सुरक्षा और समाज की सेवा के लिए समर्पित है। उन्होंने

राष्ट्र विरोधी ताकतों से सतर्क रहने का आह्वान किया। प्रदेश अध्यक्ष कर्नल अखौरी रंजन सिंह ने संगठन के महत्व पर जोर दिया और राज्य में इसके विस्तार की जरूरत बताई। सम्मेलन में सैनिक कल्याण और पुनर्वास योजनाओं पर चर्चा की गई। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रविवार को समापन समारोह में शामिल होंगे।

सीएस ने सभी विभागों को राज्यकर्मियों का आभा कार्ड बनाने का दिया निर्देश

RANCHI : मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य के सभी विभागों के प्रमुख को पत्र लिखा है। उन्होंने राज्यकर्मियों को आभा कार्ड बनाने का निर्देश दिया या है। पत्र में उन्होंने ये भी लिखा है कि सरकार द्वारा शुरू किए गए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत सभी नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट बनवाना अनिवार्य किया गया है। इस पहल का उद्देश्य देशभर में स्वास्थ्य सेवाओं की दक्षता, सुगमता, समावेशिता और पारदर्शिता को बढ़ाना है।

बिड़ला हनुमान मंदिर में 24 घंटे का शुरू हुआ अखंड हरि कीर्तन

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार को बरियातू के जोड़ा तालाब रोड रानी बगान स्थित बिड़ला हनुमान मंदिर में 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू हो गया। अयोध्या राम जन्म भूमि पर मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पूर्ण होने के अवसर पर अखंड कीर्तन मंडली द्वारा कीर्तन किया जा रहा है। निवारणपुर तपोवन मंदिर के महंत जी द्वारा बजरंगबली का ध्वजारोहण सुबह 10.30 बजे किया गया। इसके बाद

अखंड कीर्तन प्रारंभ किया गया। 12 जनवरी को दिन में 12 बजे से हवन होगा। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। मंदिर समिति ने बताया कि देशभर के मंदिरों में अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर पूरे कॉलोनी को महावीर झंडा से सजाया गया है। वहीं कई जगहों पर तोरण द्वार भी बनाया गया है। इसके अलावा इंद्रप्रस्थ कॉलोनी जोड़ा तालाब, श्री महावीर मंदिर, श्री पंचमुखी मंदिर को आकर्षित ढंग से सजाया गया है। मौके पर संजीत सिंह, रमाकांत आंनद, रामाशीष सिंह, ओम पांडे, प्रकाश चंद्र सिन्हा, राजीव रंजन, ब्रज किशोर शर्मा, हरिनंदन शर्मा, भूषण तिवारी, बिजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, रवि पाठक समेत अन्य मौजूद थे।

पहाड़ी मंदिर की दानपेटी से निकले 3 लाख से अधिक रुपये, तीन विदेशी मुद्राएं भी

RANCHI : शनिवार को पहाड़ी मंदिर परिसर में रखे गए 11 दान पात्रों के ताले खोले गए। इसमें से श्रद्धालुओं द्वारा दान की गई राशि की गणना की गई। गणना में कुल 3,02,525 रुपये की राशि प्राप्त हुई। इसमें 2,42,305 रुपये के नोट और 60,220 रुपये के सिक्के शामिल थे। सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार के आदेश पर कार्यपालक दंडाधिकारी शाइनी तिग्गा की मौजूदगी में दानपेटी से निकले पैसों की गिनती की गई। इस दौरान पहाड़ी मंदिर विकास समिति के कोषाध्यक्ष कृष्ण कन्हैया, सदस्य राजेश गाड़ोदिया उपस्थित रहे।

कारगर पहल : सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने किया रवाना, यातायात के नियमों की दी जाएगी जानकारी

दुर्घटनाओं से बचने के लिए खुद भी सबको सर्तक रहना जरूरी

PHOTON NEWS RANCHI : शनिवार को डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने समाहरणालय से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इसके माध्यमसे लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी। लोगों से नियमों का पालन करने की अपील भी जिला प्रशासन करेगा। बता दें कि 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक रांची, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची अखिलेश कुमार, सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी अधिकारी और पदाधिकारी के अलावा सम्बंधित सभी अधिकारी मौजूद थे। डीसी ने रथ रवाना करने के दौरान कहा कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ चलेगा जो लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक करेगा। उन्होंने कहा की सड़क सुरक्षा को नियमित रूप से मनाने का निर्णय लिया गया है। दुर्घटना ना हो इसको लेकर यातायात नियमों का पालन करें। आज सड़कों पर वाहन की संख्या बढ़ चुकी है। इस कारण दुर्घटना हो रही है। दोपहिया वाहनों से दुर्घटना में 86 प्रतिशत मृत्यु हो रही है, चार पहिया वाहन से 80 प्रतिशत की मृत्यु सीट बेल्ट नहीं लगाने के कारण हो रही है। इसलिए कुछ सावधानियां आपको बड़े शारीरिक नुकसान से बचा सकती हैं। इसलिए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर लगाएं, चार पहिया चलाते वक्त सीट बेल्ट जरूर लगाएं।

सीट बेल्ट नहीं लगाने के कारण चार पहिया वाहनों से 80% की हो रही मौत

हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना करते डीसी मंजूनाथ भजंत्री व अन्य। ● फोटोन न्यूज

नाटक के माध्यम से किया जागरूक

जिला परिवहन कार्यालय द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए कला दल के सदस्य नृत्य और नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहे हैं। प्रस्तुति लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। लोग रुक कर इनका प्रदर्शन देख रहें है। परिवहन विभाग की अधिसूचना के अनुसार, सड़क दुर्घटना में हिट एंड रन (वाहन द्वारा दुर्घटना कर भाग जाने के परिस्थिति में) मामलों में पीड़ित पक्ष को मुआवजा दिलाने का प्रावधान है। सड़क दुर्घटना से मृत्यु होने पर यह 2,00,000 रुपये तथा गंभीर रूप से घायल होने पर यह 50,000 रुपए निर्धारित किया गया है।

इस पॉलिसी को जरूर करें फॉलो

- सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डेन आवर यानी एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाने पर गुड सेमिरिटन को 2000 पुरस्कार राशि दी जाएगी।
- यदि दो गुड सेमिरिटन किसी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने में सहायता करते है, तो दोनों गुड सेमिरिटन को 2000–?2000 पुरस्कार राशि दी जाएगी।
- यदि दो से अधिक गुड सेमिरिटन घायल व्यक्ति को गोल्डेन आवर में अस्पताल पहुंचाते है, तो सरकार द्वारा 5000 पुरस्कार राशि, उन सभी के बीच समान रूप से बांटी जाएगी।
- यदि गुड सेमिरिटन को पुलिस या अदालत द्वारा जांच के लिए बुलाया जाता है, तो प्रति दिन 1000 की दर से गुड सेमिरिटन के बैंक खाते में हस्तांतरित किये जाएंगे ।

सड़क दुर्घटना होने पर क्या करें

- एंबुलेंस को कॉल करें
- पुलिस को सूचित करें।
- जख्मी व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल ले जाएं।
- पीड़ित के फोन में सेव आपातकालीन संपर्क नंबर पर कॉल करें।
- टॉल फ्री नं. 108 पर कॉल कर एंबुलेंस सेवा का लाभ उठाएं।
- पीड़ित को अस्पताल में पहुंचाने के बाद गुड सेमेरिटन को रोका नहीं जाएगा।

शिबू सोरेन के जन्मदिन पर केक काटकर बांटे 500 कंबल

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष, दिशुम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिन पर अल्बर्ट एक्का चौक पर उनके 81वें जन्मदिन केक काटकर रांची जिला जेएमएम अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फरीद खान के नेतृत्व में मनाया गया। मौके पर अल्बर्ट एक्का चौक और इकरा मस्जिद चौक मेन रोड में गरीबों में 500 कंबल का वितरण किया गया। फरीद खान ने कहा कि हमारा नारा ही है सियासत से खिदमते खल्क। उन्होंने ने कहा कि शिबू सोरेन ने अपना पूरा जीवन झारखंड के आदिवासी मूलवासी के उत्थान में लगाया। मौके पर अमन खान, बब्बन, सद्दाम, सोनू, प्रिंस, गुड्डू, फहद खान, शहबाज, फारुक, शाहनवाज, नौशाद, कामरान, कैफ, अब्दुल्ला, जावेद, अशफाक, राधा मुंडा, तबारक, जोहेब आलम समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

BRIEF NEWS

जय बापू, जय भीम के नारे संग कांग्रेसियों ने की पदयात्रा

JAMSHEDPUR : अखिल भारतीय व झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को बिष्टुपुर में पदयात्रा की, जिसमें जय बापू, जय भीम, जय संविधान के नारे भी लगे। जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कांग्रेस कार्यालय (तिलक पुस्तकालय) से बिष्टुपुर बाजार क्षेत्र में भ्रमण किया। इस दौरान कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी का ये बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान..., जय संविधान..., जय भीम-जय भीम, सरदार बल्लभ भाई पटेल अमर रहे..., लालबहादुर शास्त्री अमर रहे..., जय बापू, सुभाष चंद्र बोस, जवाहरलाल नेहरु अमर रहे, बिरसा मुंडा अमर रहे, भारत के तमाम शहीद अमर रहे... का नारा लगाया। वहां से लौटकर जिला कार्यालय में देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई गई।

गोमिया में दर्जनों कौवों की मौत, लोग भयभीत

GOMIA : बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड के आईईपीएल ओरिका बारूद कारखाना मेन गेट के पास एक दर्जन से ज्यादा कौवे मृत पाए गए हैं। एक ही जगह पर इतने कौवों की मौत की खबर से आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। सूचना पर पहुंची प्रखंड पशुपालन विभाग की टीम ने मृत कौवों का सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से सटे सब्जी बाजार में जिस स्थान पर कौवे मृत पाए गए, उस स्थान पर लग रही भीड़ को मृत कौवों से दूर रहने का निर्देश दिया गया है। मौके पर पहुंचे प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. सुरेश प्रसाद ने मृत कौवे का सैंपल लेते हुए चेतावनी जारी की है। उन्होंने बताया कि मौत का कारण ठंड भी हो सकता है। फोरेंसिक सैंपल को वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए बोकारो भेजा जा रहा है।

पुण्यतिथि पर याद किए गए भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री

CHAIBASA : जिला कांग्रेस भवन में शनिवार को भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई गई। कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, प्रदेश महासचिव त्रिशानु राय, जिला महासचिव कैरा बिरुवा, लियोनार्ड बोदरा, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष जहांगीर आलम, प्रखंड अध्यक्ष दिकु सवैयां, साकारी दोंगो, आरजू शबाना, उषा बैठा, सुशील पाड़ेया, जयकिशन सालबुनियां, जुम्बल सुंडी, मानकी गोड़सोरा, बचन खान, सिंगराय गोप, सुशील दास सहित अन्य मौजूद थे।

विवेकानंद जयंती पर हुई भाषण प्रतियोगिता

GHATSHILA : घाटशिला कॉलेज में शनिवार से स्वामी विवेकानंद की जयंती को तीन दिवसीय राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। आयोजन की शुरूआत शनिवार को भाषण प्रतियोगिता से हुई, जिसमें 30 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में इंटर से प्रिया अधिकारी व अनामिका भक्त, यूजी सेमेस्टर-2 टू से अनुष्का दत्ता, उत्पल प्रधान व रंजीता हेम्ब्रम क्रमशः श्रेष्ठ रहे। प्राचार्य डॉ. आरके चौधरी ने विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत के आध्यात्मिक राजदूत थे। उन्होंने अपने अल्पकालीन जीवन में मानव कल्याणार्थ जिस अध्यात्मवाद तथा भारतीय दर्शन के मौलिक सिद्धांतों का प्रतिपादन किया और प्राणीमात्र के कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया, वह संसार के इतिहास में सदैव स्मरणीय रहेगा।

शिबू सोरेन के जन्मदिन पर हुआ 276 यूनिट रक्तदान

JAMSHEDPUR : झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिन और शहीद सांसद सुनील महतो की जयंती पर शनिवार को रक्तदान शिविर लगा, जिसमें 276 यूनिट रक्तदान हुआ। झामुमो नेता महावीर मुर्मू के नेतृत्व में बमामाईंस क्लब हाउस में लगे शिविर का उद्घाटन शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, राज्य गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी, संजय पलसानिया, पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी, पूर्व सांसद सुमन महतो , जिला परिषद के उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, झामुमो नेता प्रमोद लाल, शेख बदरुदीन और गणेश चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। शिविर को सफल बनाने में आनंद श्रीवास्तव, रूपेश आहूजा, मनोज शर्मा, मिथुन चक्रवर्ती, जितेंद्र सिंह, डॉ. संजय गिरी, लालतू महतो, प्रतीक सिंह, दिनकर, बबलू टुडू, प्रधान देवगम, करण कालिंदी, सुनील गुप्ता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

आक्रोशित परिजनों ने डीसी से की मुलाकात, जांच का आदेश

स्कूल में पेन डे पर छात्राओं की शर्ट उतरवाने का लगा आरोप

PHOTON NEWS DHANBAD : कोयलांचल धनबाद से एक शर्मसार कर देने वाला मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। दरअसल प्री बोर्ड के अंतिम दिन पेन डे मना रही डिगवाडीह कार्मेल स्कूल की छात्राओं का स्कूल प्रबंधन के जरिये न सिर्फ शर्ट उतरवा लिया गया, बल्कि छात्राओं को इनरवियर और ब्लेजर में ही घर जाने को मजबूर कर दिया गया। अब मामला जिलाधिकारी के पास है और मामले में जांच के आदेश दे दिए गए है। एक वीडियो उन्हीं छात्राओं की तरफ से सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया है, जिन्हें उस मानसिक ड्रामा से गुजरना पड़ा, अब वो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें छात्राओं ने पेन डे को 'ट्रामेटिक डे' बताया है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि

उपायुक्त माधवी मिश्रा से मिलने पहुंचे परिजन। • फोटोन न्यूज

गुरुवार को धनबाद के डिगवाडीह स्थित कार्मेल स्कूल में छत्राएं प्री बोर्ड एग्जाम के अंतिम दिन पेन डे मना रही थी। पेन डे के बारे में कहे तो स्टूडेंट परीक्षा समाप्ति के बाद अपने दोस्तों के शर्ट पर उनके भविष्य को लेकर शुभकामनाएं लिखते है और ऑटोग्राफ देते है। यही सब कुछ उस दिन डिगवाडीह कार्मेल स्कूल की छात्राएं अपने साथी छात्राओं के साथ कर रही थी। जिसपर नाराज स्कूल प्रशासन ने स्कूल परिसर में ही मेल टीचर स्टाफ और गार्ड के सामने छात्राओं के बिना अनुमति के जबरन न सिर्फ उनके शर्ट उतरवाए, बल्कि उन छात्राओं को सिर्फ इनरवियर और ब्लेजर पर ही घर भेज दिया गया। इस शर्मसार कर देने वाली घटना से आक्रोशित छात्राओं के परिजन शनिवार को धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा से मुलाकात कर उन्हें उस घटना से अवगत कराया। इस दौरान छात्राओं के परिजन घटना को लेकर काफी आक्रोशित दिखे। उन्होंने स्कूल प्रशासन पर उनकी बच्चियों के साथ मानसिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बच्चियां इस घटना से इतनी मानसिक तनाव में है कि वो कोई भी गलत कदम भी उठा सकती थी। उन्होंने स्कूल की प्रिंसिपल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और उनके इस्तीफे की मांग की है। वहीं घटना की सूचना पर झरिया विधायक रागिनी सिंह भी उपायुक्त से मुलाकात कर मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि वह सभी छात्राओं के साथ खड़ी है। जरूरत पड़ी तो इस मामले को लेकर वो राज्य के मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करेंगी।

जांच टीम गठित

इस मामले के संज्ञान में आते ही धनबाद उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसमे जांच टीम गठित कर दिया है। इस जांच टीम में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, एसडीपीओ और स्थानीय थाना प्रभारी को शामिल किया गया है। जो स्कूल जाकर मामले की जांच करेंगे। साथ ही स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज को भी खंगालेंगे। क्योंकि घटना के वक्त स्कूल प्रबंधन के जरिये सभी छात्राओं का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया था, ताकि कोई इसका वीडियो न बना सके। उपायुक्त ने बताया कि आने वाले बोर्ड एग्जाम में भी इन छात्राओं को स्कूल प्रशासन की तरफ से कोई दिक्कत ना हो इसका भी ध्यान रखा जाएगा। साथ ही मामला सही पाए जाने पर स्कूल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, विरोध में जाम

LATEHAR : जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर बसिया गांव के पास शनिवार को एक अनियंत्रित हाइवा ने बाइक सवार दादा और पोता को अपनी चपेट में ले लिया । इस घटना में दादा प्रयाग यादव (60) की मौत हो गई । घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने भगिया गांव के पास सड़क जाम कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रयाग यादव और सुमित यादव एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर मैक्लुस्कीगंज की ओर जा रहे थे । इसी दौरान भगिया गांव के पास तेज रफ्तार गाड़ी ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। दुर्घटना में मोटरसाइकिल पर सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां चिकित्सकों ने प्रयाग यादव को जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया ।वहीं सुमित यादव को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। वहीं घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया है।

भगवान कृष्ण व सुदामा मिलाप से हुआ भागवत कथा का विराम

PHOTON NEWS JSR : जुगसलाई में एमई स्कूल रोड स्थित संकल्प रेसिडेंसी में आयोजित सप्ताहव्यापी श्रीमद्भागवत कथा को शनिवार विराम दिया गया। व्यासपीठ पर आसीन आचार्य पं. शिवशंकर त्रिपाठी ने शनिवार को कृष्ण-सुदामा मिलाप की कथा सुनाई। प्रथम दिवस श्रीमद्भभागवत कथा श्रवण के माहात्म्य, राजा परिक्षित व श्रीकृष्ण जन्म कथा से लेकर उन्होंने अन्य प्रसंगों का वाचन किया। इस दौरान कथा विराम से एक दिन पूर्व शुक्रवार को रुक्मिणी हरण व श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई। पूरी कथा के दौरान संबंधित प्रसंगों की जीवंत झांकियां भी प्रस्तुत की गईं, जिसे देख श्रद्धालु श्रीमद्भागवत के

झांकी में शामिल श्रद्धालु। • फोटोन न्यूज

अथाह सागर में गोते लगाते रहे। श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह की कथा व जीवंत झांकी के साथ भजन व ढोल नगाड़ों ने श्रद्धालुओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। वहीं शनिवार को श्रीकृष्ण व सुदामा मिलाप की कथा में श्रद्धालु भाव विभोर नजर आये। पूजन व हवन के साथ कथा विराम हुआ। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में समाजसेवी शिवजी सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, मुन्ना अग्रवाल समेत संकल्प रेसिडेंसी के सभी निवासियों का सराहनीय सहयोग रहा।

राम मंदिर की पहली वर्षगांठ पर हुआ सुंदरकांड पाठ

JAMSHEDPUR : अयोध्या के राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के पहली वर्षगांठ के शुभ अवसर पर हनुमान सेवा दल द्वारा मानगो के डिमना रोड स्थित आशीर्वाद नगर न्यू शर्मा लाइन में सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया गया। पाठ शुरू होने से पहले पांच ब्राह्मणों द्वारा स्वस्तिवाचन, गणेश गौरी, वरुण, नवग्रह, षोडश मात्रिका, राम दरबार सहित हनुमान व शिव पूजन से हुआ। संस्था के संयोजक पं. विपिन झा ने कहा कि आज प्रत्येक देशवासियों को राम के चरित्र का अनुसरण करना चाहिए, जिससे भारत पुनः विश्व गुरु बन सके। सामूहिक पाठ में संस्था के अध्यक्ष एके गिरी, सचिव रामशंकर झा, सहसचिव रामशंकर सिंह, कोषाध्यक्ष तरुण चौधरी के अलावा सुधीर झा, नीरज झा, केदार गोस्वामी, सतीश चंद्र गोराई, प्रेमचंद्र झा, अमर सिंह आदि भी उपस्थित थे।

बालू की तस्करी करते सात ट्रैक्टर हुए जब्त, प्राथमिकी दर्ज

PHOTON NEWS RAMGADH : रामगढ़ जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से डीसी चंदन कुमार जरिये अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार की रात सिरका क्षेत्र में दामोदर नदी घाट से अवैध बालू के उठाव के मामले में एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने कार्रवाई की। जांच अभियान के दौरान सिरका दामोदर नदी घाट से सात ट्रैक्टर वाहनों को अवैध रूप से बालू का उठाव करने का दोषी पाया गया। किसी भी ट्रैक्टर पर रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं था। इसलिए उनके इंजन नंबर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

अवैध बालू का परिवहन करते पांच वाहन जब्त

JSR : उपायुक्त अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम को लेकर खनन टास्क फोर्स द्वारा नियमित छामेपारी की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी, धालभूम शताब्दी मजूमदार ने अवैध बालू लदे 5 वाहन जब्त किए। इसमें आजादनगर थाना क्षेत्र से दो छोटे मालवाहक व एक ट्रक तथा मानगो थाना क्षेत्र से दो छोटे मालवाहक शामिल हैं।

अफीम की अवैध खेती पर सख्ती से नजर रखें ग्राम प्रधान : वंदना

बैठक को संबोधित करतीं सीओ वंदना भारती व अन्य। • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS KHUNTI : उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर शनिवार को कर्रा अंचल कार्यालय के सभागार में अंचल अधिकारी वंदना भारती की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों और चौकीदारों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती को रोकने एवं इसके विनष्टीकरण के प्रभावी उपायों पर चर्चा करना था। अंचल अधिकारी ने उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं चौकीदारों को अवैध अफीम की खेती पर सख्ती से नजर रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि अफीम की अवैध खेती न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि समाज के लिए भी हानिकारक है। इस पर रोक लगाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जागरूकता अभियान चलाने, गुप्त सूचना तंत्र को मजबूत करने और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अंचल अधिकारी ने कहा कि ग्राम स्तर पर समुदाय की सहभागिता से ही इस समस्या का समाधान संभव है। बैठक में थाना प्रभारी, ग्राम प्रधान और चौकीदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।

गोइलकेरा में आज से क्रिकेट का महाकुंभ

GOELKERA : वीर शहीद देवेंद्र माझी मेमोरियल पांचवां गोइलकेरा क्रिकेट लीग जीसीएल का उद्घाटन 12 जनवरी को होगा। हाई स्कूल मैदान में करीब 20 दिनों तक चलने वाले क्रिकेट लीग में 8 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इसमें फॉरेस्ट फाइटर, किंग स्टार कोयल, पोड़ाहाट पैंथर्स, सिंहभूम स्टार्स, कारो किंगडम, कोल्हान किंग्स, हिरणी हरिकेन, सारंडा स्ट्राइकर्स हैं। उद्घाटन मैच गत वर्ष के विजेता पोड़ाहाट पैंथर्स और उपविजेता किंग स्टार कोयल के बीच खेला जाएगा। जीसीएल के लिए पिछले दिनों फ्रेंचाइजी के बीच खिलाड़ियों की मेगा ऑक्शन आयोजित की गई थी। इसमें 112 खिलाड़ियों को बुक किया गया था। लीग में प्रत्येक टीम 7-7 मैच खेलेगी। विजेता टीम को नकद 31 हजार के साथ ट्रॉफी व उपविजेता को 25 हजार और ट्रॉफी दी जाएगी।

झरिया विधायक कार्यालय के बाहर फायरिंग रागिनी सिंह ने लगाया विरोधियों पर आरोप

PHOTON NEWS DHANBAD : झरिया थाना क्षेत्र के कतरास मोड़ स्थित विधायक रागिनी सिंह के कार्यालय के समीप गोलीबारी की घटना घटी है। घटना सुबह 5 बजे के आसपास की बताई जा रही है। वहीं इस पूरे मामले पर झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि फायरिंग की घटना की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि कुछ आपराधिक तत्व के लोगों ने मेरे कार्यालय में तोड़फोड़ और जानलेवा हमला करने का प्रयास किया है। यह जांच का विषय है। सीसीटीवी फुटेज निकलवा रहे हैं। विधायक ने बताया कि कार्यलय में फायरिंग की गई है। विधायक ने लोकल पुलिस को संज्ञान में दिया है कि कार्यालय के बाहर स्टाफ के साथ मारपीट की गई है। कुछ कंप्यूटर और समान चोरी कर ले गए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे संदेह है, पहले सीसीटीवी

फुटेज देखेंगे उसके बाद मामले की लिखित शिकायत करेंगे। विधायक ने कहा कि विरोधियों के द्वारा ऐसा किया जा रहा है, विरोधी घबरा गए हैं। इसलिए उल-जुलूल हरकत कर रहे हैं। वहीं झरिया थाना के इंस्पेक्टर शशि रंजन सिंह ने कहा कि मुझे फायरिंग की घटना की सूचना नहीं है। फायरिंग के संबंध में अभी तक किसी ने शिकायत नहीं की है। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा पहली बार कॉल के माध्यम से जानकारी दी गई है। मामले को लेकर मौके पर जाकर जांच पड़ताल करेंगे। झरिया के कतरास मोड़ स्थित सिंह मेंशन व विधायक रागिनी सिंह के कार्यालय के दूसरी तरफ फायरिंग की घटना घटी है। जहां फायरिंग के निशान भी देखे जा सकते हैं। फिलहाल फायरिंग की घटना पर जांच पड़ताल के बाद ही यह मामला साफ हो सकेगा।

आयोजन : झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने किया राज्यस्तरीय विधिक सेवा-सह-सशक्तीकरण शिविर का उद्घाटन

स्थानीय भाषा में लोगों को कानूनी रूप से करें जागरूक : जज सुजीत नारायण

PHOTON NEWS GHATSHILA : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी सिंहभूम की ओर से राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तीकरण शिविर शनिवार को हुआ, जिसमें झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सह कार्यपालक अध्यक्ष झालसा सुजीत नारायण प्रसाद ने घाटशिला व्यवहार न्यायालय परिसर में नव निर्मित हाजत भवन का उद्घाटन किया।

इससे पूर्व उन्होंने कोर्ट परिसर में शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि झालसा की ओर से 90 दिवसीय जागरुकता एवं आउटरिच अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से लोगों को सरल तरीके से कानूनी जानकारी देने के साथ-साथ उनके हक एवं अधिकारों के बारे में भी सचेत किया जा रहा है। झालसा के संगीत का थीम अहसास, विश्वास व उल्लास है, हम लोगों के मन में भी इसी भावना के साथ जागरूकता फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग अपने अधिकार को जानें और सरकार की ओर से जिन योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, उसका समुचित लाभ लें। न्यायाधीश ने कहा कि अब झालसा के जहां कहीं भी कार्यक्रम होंगे, उसमें स्थानीय भाषाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि लोग सरल तरीके से समझ सकें कि वह ऐसे कार्यक्रम में क्यों और किसलिए भाग ले रहे हैं।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पूर्वी सिंहभूम अनिल मिश्रा ने झालसा के 90 दिवसीय

शिविर में चेक प्रदान करते जज सुजीत नारायण प्रसाद । • फोटोन न्यूज

अभियान के तहत चलने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। समारोह को संबोधित करते हुए उपायुक्त अन्नय मित्तल ने कहा कि सरकार की ओर से कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, उसका लाभ सभी लोग लें। उन्होंने कहा कि झालसा अपने अभियान के तहत लोगों को उनके हक एवं अधिकार के बार में विस्तार से जानकारी दे रही है। लोगों को इसका फायदा भी मिल रहा है। समारोह को सीनियर एसपी किशोर कौशल, झालसा की सदस्य सचिव रंजना अस्थाना, घाटशिला बार एसोशिएसन के अध्यक्ष राकेश शर्मा आदि ने भी संबोधित किया। समारोह के दौरान विभिन्न योजना से संबंधित लगभग 3 करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने किया।

व्यवहार न्यायालय परिसर में लगे थे कई स्टॉल

राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तीकरण शिविर के दौरान घाटशिला व्यवहार न्यायालय परिसर में केंद्रीय कारा, घाघीडीह के बंदियों द्वारा बनाए गए कपड़े, चादर, पावरोटी, बिस्कुट समेत अन्य सामग्रियों के स्टॉल लगाने के साथ–साथ सरकार की ओर से संचालित लगभग सभी योजनाओ के स्टॉल लगे थे। जिसमें लोगों को उस विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी जा रही थी। अतिथियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी निरीक्षण किया।

न्यायाधीश ने किया उपकारा का निरीक्षण

घाटशिला के दौरे पर पहली बार पहुंचे झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने कार्यक्रम के पूर्व लगभग एक घंटे से भी ज्यादा समय तक उपकारा का निरीक्षण किया। इस दौरान बताया जाता है कि हर कैदी वार्ड में जाकर कैदियों से रहन–सहन, खानपान, जेल की ओर से दी जाने वाली सुविधाओ के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान जेलर से भी बात कर सरकार की ओर से दि जाने वाली सुविधाओं को कैदियों तक पहुंचाने का आदेश दिया।

गवाह को नहीं देख पाएंगे आरोपी

न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद घाटशिला से जमशेदपुर सिविल कोर्ट भी आए, जहां उन्होंने वल्नरेबल विटनेस वेटिंग रूम का उद्घाटन किया। बताया जाता है कि इसे इस तरह बनाया गया है कि आरोपी गवाह को नहीं देख पाएंगे, जबकि गवाह आरोपी को देख सकेंगे। उन्होंने विधि व्यवस्था को चुस्त–दुरुस्त बनाए रखने पर भी दिशा–निर्देश दिए।

चाकुलिया की कुपन नदी में मिला वृद्ध का शव

CHAKULIA : पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया थाना क्षेत्र के सिमदी पंचायत के पंचायत सचिवालय के पीछे कुपन नदी में शनिवार को अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया। नदी में शव मिलने की सूचना पर काफी भीड़ जुट गई। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से नदी के बीच में उतराते शव को बांस के सहारे किनारे लाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पानी में रहने के कारण शव काफी फूल गया था, जिसके कारण मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। अनुमान लगाया जा रहा है कि शव 5-6 दिन पुराना होगा। शनिवार को गांव के लोग शौच करने नदी किनारे गए तो वे नदी में शव उतराते देख ग्राम प्रधान को सूचना दी। इसके बाद ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना मुखिया और पुलिस को दी। नदी के पास उपस्थित लोगों ने कहा कि मृतक आसपास के गांव का नहीं है।

ये दोस्ती है कमाल की!

बाघ के बच्चे के साथ अंजना

अमेरिका के एक अभयारण्य में रहने वाली चिम्पैंजी है अंजना। वह इतनी दयालु है कि उसने बहुत से जानवरों के बहुत से अनाथ बच्चों को अपनाया है। अब वह मां की तरह एक बाघ के बच्चे की देखरेख कर रही है और उसकी अठखेलियों में खुश भी हो रही है। वैसे चिम्पैंजी काफी बुद्धिमान और समझदार होते हैं और वे अपने साथ रहने वालों का भी ख्याल रखते हैं।

थेंबा का साथी एल्बर्ट

मां के मर जाने से नन्हा थेंबा (हाथी) बहुत दुखी हुआ और कई दिनों तक इसका शोक मनाता रहा। दक्षिण अफ्रीका के एक अभयारण्य में लाए जाने के बाद भी उसने खाना-पीना छोड़ रखा था। इसी दौरान उसे एल्बर्ट नाम की भेड़ के रूप में एक अच्छा दोस्त मिला। जल्द ही दोनों में गहरी दोस्ती हो गई। खेलने के साथ दोनों झपकियां भी साथ ही लेते। नए दोस्त ने इतनी खुशियां दीं कि थेंबा अपने दुख भूल गया और फिर से खाना-पीना शुरू कर दिया।

बालू-लियो और शेर खान की तिकड़ी

शेर खान दरअसल शेर नहीं, बल्कि एक बाघ है और उसके साथ बालू नाम का भालू और लियो नाम का शेर है। इन तीनों के साथ इनके मालिक ने बुरा सलूक किया था, जिस कारण बालू को चोट भी लग गई। इस मुश्किल की घड़ी में ये एक-दूसरे का सहारा बन गये और अब अमेरिका के एक अभयारण्य में ये अपना सारा वक्त साथ ही गुजारते हैं।

दुश्मन के भी दोस्त बनो

अमित लगातार कोशिश करता था कि किसी भी तरह करण को नीचा दिखा सके और दूसरे बच्चों के सामने उसकी खिल्ली उड़ा सके। लेकिन उसकी लाख कोशिशों के बावजूद करण अपनी पढ़ाई में और बेहतर होता जा रहा था। चाहे बात पढ़ाई की हो या खेल की, करण हर किसी में बाजी मारता और हर जगह उसकी खूब तारीफ होती। फिर आखिर ऐसा क्या हुआ जो अमित को नीचा देखना पड़ा और वह बदल गया।

बहुत पहले की बात है। एक गांव था राजनगर। वहां पर करण नाम का एक लड़का रहता था। वह लड़का स्वभाव का बहुत अच्छा था। पढ़ाई में भी होशियार था। वह बहुत आज्ञाकारी और अपने मां-बाप का कहना मानता था। स्कूल में वह ज्यादातर बच्चों की तुलना में होशियार था। स्वभाव से वह विनम्र था और सभी के साथ अच्छा व्यवहार करता था। उसके स्कूल में चाहे उससे बड़े लड़के हों या फिर छोटे, सभी उसे पसंद करते थे। लेकिन इस कारण बहुत से लड़के करण से जलते भी थे। करण की ही क्लास में एक लड़का पढ़ता था, जिसका नाम था अमित। अमित पढ़ाई में तेज नहीं था। उसका स्कूल में खेलने में बहुत मन लगता था। वह अपने माता-पिता की बात नहीं सुनता था और उनसे रूखे तरीके से बात करता था। अपनी क्लास के लड़कों को वह चिढ़ाया करता था। यहां तक कि करण को भी वह खूब परेशान करता था। वह लगातार कोशिश करता था कि किसी भी तरह करण को नीचा दिखा सके और दूसरे बच्चों के सामने उसकी खिल्ली उड़ा सके। लेकिन उसकी लाख कोशिशों के बावजूद करण अपनी पढ़ाई में और बेहतर होता जा रहा था। चाहे बात पढ़ाई की हो या खेल की, करण हर किसी में बाजी मारता और हर जगह उसकी खूब तारीफ होती।

अपने आठवें जन्मदिन पर करण को अपने पिता की तरफ से गिफ्ट के तौर पर एक सुंदर सा पेन मिला। करण स्कूल में नोट्स लिखने के लिए वह पेन ले जाने लगा। वह पेन दिखने में तो सुंदर था ही, लिखता भी तेज था। जब अमित ने करण का पेन देखा तो उसे बहुत जलन हुई। अमित ने नजरें तिरछी करके करण से पूछा, 'यह पेन तुम्हें कहां से मिला? क्या तुमने इसे खरीदा है?'

'नहीं, मुझे यह पेन मेरे मम्मी-पापा ने बर्थ डे गिफ्ट में दिया है।' करण ने जवाब दिया।

इस बात से अमित का गुस्सा और भी ज्यादा भड़क गया। अपने माता-पिता से वह खुद इतना बुरा सलूक करता था कि अब तक उसे उनसे शायद ही कोई गिफ्ट मिला हो। जब लंच का वक्त हुआ, तो उसने करण का पेन चुराने का फैसला कर लिया। जब हर कोई लंच के लिए बाहर निकल गया, तो अमित ने चुपके से करण के बैग से पेन चुरा लिया। इसके बाद उसने पेन अपने बैग में छिपा लिया और लंच करने बाहर चला गया।

जब करण वापस लौटा तो उसे बैग में अपना पेन नहीं मिला। उसने अपने टीचर को इस बारे में बताया। इसके बाद पूरी क्लास में पेन खोजा गया, लेकिन वह नहीं मिला। तब टीचर ने क्लास के मॉनीटर से कहा कि वह सबके बैग की तलाशी ले। जल्द ही अमित के बैग से पेन मिल गया। उसे गुस्से से देखते हुए टीचर ने पूछा, 'अमित, पेन तुम्हारे बैग से निकला है, इस बारे में तुम्हें कुछ कहना है?'

अमित की आंखों में आंसू आ गए। वह कुछ नहीं बोला।

जब करण ने अमित को रोते हुए देखा, तो उसे अमित पर दया आ गई। उसके दिल में अमित के लिए कोई गिला-शिकवा नहीं था। उसने टीचर से कहा कि उसका खोया हुआ पेन वापस मिल गया है, अब वे अमित को सजा न दें। करण के इन शब्दों ने अमित की आंखें खोल दीं। वह हमेशा करण को परेशान करता था, लेकिन करण ने हमेशा उससे अच्छा व्यवहार किया। इस समय उसे एहसास हो रहा था कि करण कितना अच्छा लड़का है। उसने तुरंत करण और क्लास टीचर से माफी मांगी। इसके बाद करण और अमित दोस्त बन गए। फिर तो अमित का व्यवहार बदल गया और सभी उसे पसंद करने लगे। करण को अपने नए दोस्त पर नाज था।

हंसने वाला कोका

साथियों, क्या तुमने ऑस्ट्रेलिया के हंसने वाले कोका के बारे में सुना है? आजकल ऑस्ट्रेलिया में यह खूब चर्चित हो रहा है। हंसने वाले कोका का दरअसल राज यह है कि इसका मुंह इस तरह का बना होता है, मानो खुशी से हंस रहा हो। छोटे चूहे जैसा यह जानवर आजकल ऑस्ट्रेलिया में पर्यटकों के बीच खूब लोकप्रिय हो रहा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि यह बेहद सेल्फी फ्रेंडली जानवर है। इसके साथ सेल्फी आती भी बड़ी मस्त है। इसकी स्माइलिंग वाले जबड़े की बनावट के कारण कुछ समय पहले इसे दुनिया के सबसे खुश जानवर की उपाधि भी मिल चुकी है। कोका वैसे तो एक साथ रहना पसंद करते हैं। आमतौर पर ये पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के दलदली इलाकों और जंगलों में रहते हैं। ऑस्ट्रेलिया के रॉटनेस्ट आइलैंड पर ये खूब पाए जाते हैं।

एक है कैट आइलैंड

तुमने वह कहानी तो सुनी ही होगी, जिसमें एक राजा ने मक्खियों को उड़ाने की नौकरी एक बंदर को दी थी। एक दिन राजा की नाक पर बैठी मक्खी को उस बंदर ने डंडे से ऐसा भगाया कि राजा की नाक ही टूट गई। उसके बाद राजा ने ऐसे दोस्तों से तौबा कर ली थी। कुछ ऐसा ही माजरा हुआ है दक्षिण जापान के एक दूर के द्वीप पर। वहां पर अधिकतर मछुआरे रहते हैं। बेचारों ने काफी समय पहले एक ऐसे दोस्त से दोस्ती कर ली, जो अब उनकी जान की मुसीबत बन गया है। दक्षिणी जापान के आओशिमा नामक द्वीप पर मछुआरों की दोस्त बनकर आई बिल्लियां अब संख्या में इतनी ज्यादा हो गई हैं कि जिधर नजर घुमाओ, बिल्लियां ही बिल्लियां नजर आती हैं। ये इतनी ज्यादा हो गई हैं कि यहां हर एक आदमी पर छह बिल्लियों का अनुपात बन गया है। बेचारे इस द्वीप के रहने वाले। हर वक्त उन्हें भगाते ही रहते हैं। कुछ उन्हें खाना भी खिलाते हैं। कुछ वर्षों पहले जब यहां चूहे बहुत ज्यादा हो गए थे और वे आए दिन मछुआरों की नाव काटने लगे, तो बिल्लियों को इस द्वीप पर लाया गया। अब चूहे तो नहीं रहे, लेकिन चारों तरफ बिल्लियां ही बिल्लियां हैं। इस द्वीप पर कुछ बुजुर्ग और युवा ही रहते हैं। बाकी सभी बड़े शहर चले गए हैं। अब यहां इतनी बिल्लियां हैं कि कोई रेस्टोरेंट या खोमचा नहीं खोला जा सकता। यहां केवल इस 'कैट आइलैंड' को देखने आने वालों को लाने-ले जाने वाली मोटरबोट ही ज्यादा दिखती हैं। हालांकि कुछ लोगों को इस द्वीप पर बिल्लियों को देखने में खूब मजा आता है।



रूबिक क्यूब्स का तोड़ा रिकॉर्ड

अगर इंटेलिजेंट होने की बात आती है, तो रूबिक क्यूब्स में महारत की बात भी जरूर उठती है। आपको पता है कि रूबिक क्यूब्स क्या होते हैं?

दोस्तों, तुम सभी ने आकार में चौकोर कई रंग-बिरंगे खानों वाला यह क्यूब कभी न कभी खेला जरूर होगा। उसे हल करना आमतौर पर लोगों के लिए बहुत कठिन होता है। इसीलिए उसे जो सही-सही खेल ले, वह बड़ा बुद्धिमान माना जाता है। इस क्यूब को पसंद करने वालों में बहुत से ऐसे भी हैं, जो इसे सबसे जल्दी हल करने की प्रतियोगिता भी करते हैं। उन्हें 'स्पीड क्यूबर्स' के नाम से जाना जाता है। बहुत से लोग इसके लिए प्रसिद्ध हैं, जैसे कि भारत के भार्गव नरसिम्हन। वह एक जाने-माने स्पीड क्यूबर हैं। उनके नाम रूबिक क्यूब के दो नेशनल रिकॉर्ड हैं और अब खबर है कि उन्होंने 5 रूबीस क्यूब का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। यह उन्होंने एक मिनट के अंदर हल कर दिया। यह काम उन्होंने केवल एक हाथ से ही कर दिखाया। वैसे भार्गव केवल 22 साल के हैं और अभी पढ़ाई कर रहे हैं। इनसे प्रेरणा लेकर तुम भी रूबिक क्यूब्स को जल्द से जल्द हल करने का मुकाबला रख सकते हो। तुम्हें बहुत मजा आएगा।

क्यों भारत को चाहिए सैकड़ों डॉ. तितियाल और दर्जनों एम्स

अभी बीते कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के राजेंद्र प्रसाद आई सेंटर के अध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह तितियाल अपनी सरकारी सेवा से रिटायर होने के बाद साथियों और रोगियों से घिरे हुए हैं। उनकी आंखें नम हैं। दरअसल, प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.तितियाल नेत्र चिकित्सा में अपनी विशेषज्ञता और समर्पण भाव से मरीजों की देखभाल के लिए जाने जाते रहे। वे लगभग साढ़े चार दशकों तक एम्स से जुड़े रहे। इस दौरान उन्होंने हजारों रोगियों का इलाज किया और वे लगभग इतने ही छात्रों के गुरु भी रहे। अगर एम्स को देश का सबसे बेहतर अस्पताल माना जाता है, तो उसे इस मुकाम पर लेकर जाने में डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टरों का भी अहम रोल रहा है। डॉ. तितियाल के मार्गदर्शन में कई युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों ने उच्च स्तर की सफलता हासिल की है। देखिए, किसी भी सफल डॉक्टर को अपने क्षेत्र में हो रहे नए अनुसंधानों को लेकर अपडेट तो होना ही चाहिए। उन्हें नवीनतम चिकित्सा अनुसंधान, उपचार और तकनीकों के बारे में अच्छी तरह पता होना चाहिए। इस लिहाज से डॉ. तितियाल बेजोड़ रहे। डॉ.तितियाल सही ढंग से रोग का निदान करने और उपयुक्त उपचार योजना बनाने में भी सक्षम हैं। इसमें रोगी के लक्षणों, चिकित्सा इतिहास और परीक्षण परिणामों का विश्लेषण करना शामिल है। डॉक्टर को मरीजों को उनकी बीमारी और उपचार विकल्पों को स्पष्ट और सरल तरीके से समझाने में सक्षम होना चाहिए। डॉ. तितियाल एम्स के मरीजों को ध्यान से सुनते थे और उनकी चिंताओं और सवालों को गहराई से समझते थे। उनसे मिलकर रोगी आश्वस्त महसूस करता था। वे सभी मरीजों के साथ सम्मान और गरिमापूर्ण व्यवहार रखते थे, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। डॉ. तितियाल मोतियाबिंद सर्जरी में विशेषज्ञ हैं, जिसमें फेकोइमल्सीफिकेशन और इंट्राओकुलर लेंस प्रत्यारोपण जैसी आधुनिक तकनीकें शामिल हैं। उन्होंने कई जटिल मोतियाबिंद सर्जरी सफलतापूर्वक की। वे कॉर्निया प्रत्यारोपण, टेरिगियम सर्जरी और अपवर्तक सर्जरी (जैसे लेसिक) में भी कुशल हैं। उनकी विशेषज्ञता कॉर्निया से संबंधित विभिन्न बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ. तितियाल ग्लूकोमा के निदान और उपचार में भी अनुभवी हैं, जिसमें दवाओं, लेजर उपचार और सर्जरी का उपयोग शामिल है। इसके अलावा वे सामान्य नेत्र रोगों जैसे कि कंजंक्टिवाइटिस, ड्राई आई सिंड्रोम और अन्य नेत्र संक्रमणों का इलाज करने में भी सक्षम हैं। वे नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। उनके शोध प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित होते हैं, जो उनके वैज्ञानिक योगदान को दशार्ते हैं। वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय नेत्र विज्ञान सम्मेलनों में नियमित रूप से भाग लेते हैं और अपने ज्ञान और अनुभव को साझा करते हैं। डॉ. तितियाल अपने मरीजों के प्रति समर्पित हैं और उनकी हर समस्या को ध्यान से सुनते हैं। वे व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करने में विश्वास रखते हैं। वे मरीजों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार करते रहे। वे नवीनतम तकनीकों और उपचार विधियों का उपयोग करके मरीजों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करते रहे। उम्मीद करनी चाहिए कि वे आगे भी अपनी सेवाएं देते रहेंगे। डॉ. तितियाल ने जटिल मोतियाबिंद के मामलों के प्रबंधन पर भी महत्वपूर्ण शोध किया है, जैसे कि वे मामले जिनमें पुतली सिकुड़ी हुई है या लेंस का विस्थापन हुआ है। उनके शोध ने ऐसे रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं। डॉ. तितियाल ने ग्लूकोमा के शुरूआती निदान के लिए नई तकनीकों का अध्ययन किया है। उन्होंने ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी और अन्य इमेजिंग तकनीकों का उपयोग कर-के ग्लूकोमा से प्रभावित तंत्रिका फाइबर परत में होने वाले सूक्ष्म परिवर्तनों का अध्ययन किया है। उन्होंने ग्लूकोमा के इलाज के लिए नए चिकित्सीय तरीकों की खोज में भी योगदान दिया है। उनके शोध में विभिन्न प्रकार की दवाइयों और शल्य चिकित्सा विकल्पों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया है। उन्होंने ग्लूकोमा की प्रगति की निगरानी के लिए नए तरीकों का अध्ययन किया है। उनके शोध से चिकित्सकों को ग्लूकोमा के रोगियों में दृष्टि हानि को रोकने में मदद मिली है। डॉ. तितियाल ने कॉर्निया प्रत्यारोपण में उपयोग की जाने वाली नवीन तकनीकों का विकास किया है। उन्होंने एंडोथेलियल केराटोप्लास्टी जैसी तकनीकों का अध्ययन किया है, जो कॉर्निया प्रत्यारोपण के बाद जटिलताओं को कम करने में मदद करती हैं। उन्होंने सूखी आंख के कारणों और उपचार पर भी शोध किया है। उनके शोध ने सूखी आंख से पीड़ित रोगियों के लिए बेहतर उपचार विकल्प प्रदान किए हैं। डॉ. तितियाल ने कॉर्नियल संक्रमणों के प्रबंधन पर भी शोध किया है। उनके शोध ने इन संक्रमणों के लिए प्रभावी एंटीबायोटिक दवाओं और अन्य उपचारों की पहचान करने में मदद की है। डॉ. तितियाल का शोध नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण रहा है। उनके शोध ने मोतियाबिंद सर्जरी को अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाने में मदद की है, ग्लूकोमा के शुरूआती निदान और उपचार को बेहतर बनाया है और कॉर्नियल बीमारियों के इलाज के लिए नए विकल्प प्रदान किए हैं। उन्होंने रेटिना रोगों के प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डॉ. तितियाल की तरह एम्स से ना जाने कितने डॉक्टर एमबीबीएस,एमएस,एमडी वगैरह करने के बाद दुनिया के सर्वश्रेष्ठ डॉक्टर के रूप में स्थापित हुए।

महाकुंभ : भारतीय चिंतन की वैज्ञानिकता का प्रतीक

ANALYSIS

✍ रमेश शर्मा

> एक स्थान से दूसरे स्थान पर आयोजित होने वाले कुंभ के बीच तीन वर्षों का अंतर होता है, जबकि एक ही स्थान पर दोबारा कुंभ आयोजन में बारह वर्ष का अंतर होता है। इस प्रकार प्रयागराज में यह कुंभ बारह वर्ष बाद आयोजित हो रहा है। पूजन अनुष्ठान के बाद औपचारिक शुभारंभ 14 जनवरी मकर संक्रांति से होगा, पर संत समाज और अखाड़े समय से पहले पहुंच गए हैं। उनके पंडाल सज गए हैं। भारत के प्रत्येक क्षेत्र और परंपरा के संत प्रयागराज पहुंच गए हैं। प्रयागराज में पिछला महाकुंभ 2013 में हुआ था। इस बार पिछली बार की तुलना में कम-से-कम चार गुना अधिक तीर्थ यात्रियों के आने की संभावना है। तैयारी इसी संभावना को ध्यान में रखकर की जा रही है। तीर्थ यात्रियों की यह संख्या बढ़ने का कारण अयोध्या में रामलला के अपने जन्मस्थान पर विराजमान होना माना जा रहा है। इसके बाद भारत के सभी धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं की बढ़ी है। अनुमान प्रतिदिन एक करोड़ श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में आ सकते हैं। यह महाकुंभ पूरे विश्व में विशेष आकर्षण का केंद्र है। इसमें भारत के अतिरिक्त विदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धा अथवा कौतूहल से आते हैं।

प्रयागराज में विश्व का सबसे बड़ा मेला महाकुंभ आरंभ हो रहा है। मेले में भारतीय समाज जीवन के उस मूलतत्व के दर्शन होते हैं, जो सामाजिक समरसता और संपूर्ण भारत राष्ट्र की एक सूत्रबद्धता में निहित है। इसके साथ तिथि निर्धारण में भारत की समृद्ध विज्ञान परंपरा की स्पष्ट झलक मिलती है। प्रयागराज में इस वर्ष यह महाकुंभ 14 जनवरी से आरंभ हो रहा है और 26 फरवरी तक 45 दिन चलेगा। कुंभ मेला प्रयागराज के अतिरिक्त हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में भी आयोजित होता है। एक स्थान से दूसरे स्थान पर आयोजित होने वाले कुंभ के बीच तीन वर्षों का अंतर होता है, जबकि एक ही स्थान पर दोबारा कुंभ आयोजन में बारह वर्ष का अंतर होता है। इस प्रकार प्रयागराज में यह कुंभ बारह वर्ष बाद आयोजित हो रहा है। पूजन अनुष्ठान के बाद औपचारिक शुभारंभ 14 जनवरी मकर संक्रांति से होगा, पर संत समाज और अखाड़े समय से पहले पहुंच गए हैं। उनके पंडाल सज गए हैं। भारत के प्रत्येक क्षेत्र और परंपरा के संत प्रयागराज पहुंच गए हैं। प्रयागराज में पिछला महाकुंभ 2013 में हुआ था। इस बार पिछली बार की तुलना में कम-से-कम चार गुना अधिक तीर्थ यात्रियों के आने की संभावना है। तैयारी इसी संभावना को ध्यान में रखकर की जा रही है। तीर्थ यात्रियों की यह संख्या बढ़ने का कारण अयोध्या में रामलला के अपने जन्मस्थान पर विराजमान होना माना जा रहा है। इसके बाद भारत के सभी धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं की बढ़ी है। अनुमान प्रतिदिन एक करोड़ श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में आ सकते हैं। यह महाकुंभ पूरे विश्व में विशेष आकर्षण का केंद्र है। इसमें भारत के अतिरिक्त विदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धा अथवा कौतूहल से आते हैं। इनमें समाज के प्रत्येक वर्ग से होते हैं। सामान्य जन, एवं साधु-संत के अतिरिक्त नृत्य, संगीत, साहित्यिक और शोधकर्ता भी होते हैं। सभी वर्गों की सभाएं भी होती हैं, सैकड़ों पांडाल तो कथा एवं प्रवचन के होते हैं। हजारों दुकानें लगती हैं। इसी सबको ध्यान में रखकर संगम के किनारे तैयारी की गई है। लगभग चार हजार हेक्टेयर से भी अधिक क्षेत्र मेले के लिए सुरक्षित किया गया है। इस वर्ष मेला तैयारी के लिए 6,382 करोड़ रुपये का बजट है। पूरे क्षेत्र में पाइपलाइन बिछाकर पेयजल की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था तथा तंबू आदि पर व्यय होना है। गुप्तचर विभाग के संकेत के बाद इस वर्ष महाकुंभ सुरक्षा के लिए अतिरिक्त और अत्याधुनिक व्यवस्था भी गई है। तीर्थ यात्रियों की सुविधा का भी पिछली बार की तुलना में अधिक साधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इसे मेले के लिए की गई पेयजल आपूर्ति व्यवस्था से समझा जा सकता है। पेयजल आपूर्ति के लिए मेला क्षेत्र में 1249 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई गई है। 200 वाटर एटीएम और 85 वाटर पंप इसके अतिरिक्त हैं। राजमार्गों पर सात हजार बसें चलाई जा रही हैं। मेले के भीतर भी 550 शटल बसों की व्यवस्था की गई है। प्रयागराज विमानतल का भी नवीनीकरण हुआ है। एक नई टर्मिनल बिल्डिंग और विमानों के पार्क होने वाले परिक्षेत्र का भी विस्तार हुआ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेले की व्यवस्था में व्यक्तिगत रुचि ले रहे हैं। लगभग दो वर्षों से मेला क्षेत्र में व्यवस्था बनाना आरंभ कर दिया गया था। जैसे-जैसे तिथियां समीप आईं, वैसे-वैसे उनकी प्रयागराज यात्रा बढ़ी। अभी हाल ही बीते दिसंबर माह में ही मुख्यमंत्री ने चार यात्राएं की। प्रयागराज सहित चारों स्थानों पर होने वाले कुंभ की तिथियों का निर्धारण यूं ही नहीं होता। यह अंतरिक्ष में सूर्य, चंद्र, गुरु और शनि की स्थिति के अनुसार होता है। गुरु जब कुंभ राशि में और सूर्य मेष राशि में प्रवेश करते हैं, तब हरिद्वार (उत्तराखंड) में, सूर्य एवं गुरु जब सिंह राशि में होते हैं तब नासिक (महाराष्ट्र) में, गुरु जब कुंभ राशि में प्रवेश करते है, तब उज्जैन (मध्यप्रदेश) में और जब गुरु मेष राशि में हों, एवं चंद्रमा के साथ सूर्य मकर राशि में प्रवेश करें, तब प्रयागराज (उत्तर प्रदेश) में कुंभ का आयोजन होता है। भारत के इतिहास में जहां तक दृष्टि जाती है, कुंभ के आयोजन का संदर्भ मिलता है। मौर्यकाल में भी और शुंग काल में भी। गुप्तकाल में तो कुंभ का बहुत विस्तार से वर्णन मिलता है। गुप्तकाल के इस विवरण में ग्रहों की स्थिति के अनुसार कुंभ के आयोजन का उल्लेख है। यदि गुप्तकाल को ग्रह नक्षत्र के अनुसार कुंभ का आरंभ मान लिया जाए तो यह अपने आप प्रमाणित है कि लगभग डेढ़ हजार वर्ष पूर्व भी भारत मनीषियों का अंतरिक्ष विज्ञान बहुत उन्नत और व्यापक था। भारतीय चिंतकों द्वारा डेढ़ हजार पूर्व ग्रहों की गति और तिथि गणना कितनी सटीक थी, वह आज के आधुनिक विज्ञान के निष्कर्ष से मेल खाती है। जबकि सोलहवीं शताब्दी तक पूरी दुनिया ग्रहों के ज्ञान से अपरिचित थी। यदि गैलीलियो और ब्रूनों ने अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में कुछ शोधपरक बात बताई तो गैलीलियो को जेल और ब्रूनों को मौत की सजा दी गई थी, जबकि भारत में अंतरिक्ष विज्ञान की झलक वेदों में भी मिलती है। उसका ध्यान समाज जीवन में कितना व्यापक था, इसे कुंभ की तिथियों के निर्धारण की गणना से समझा जा सकता है। बृहस्पति एक राशि लगभग एक वर्ष रहते हैं। सभी राशियों में भ्रमण करते हुए उन्हें पुनः उसी राशि में लौटने में 12 वर्ष लगते हैं। इसलिए एक स्थान पर कुंभ के पुनः आयोजन में बारह वर्ष लगते हैं। कुंभ तिथि निर्धारण का यह सिद्धांत स्पष्ट करता है कि भारत में केवल सूर्य, चंद्रमा या पृथ्वी का ही नहीं, अंतरिक्ष जगत के अन्य ग्रहों की सटीक जानकारी थी । भारतीय समाज रचना का मूल स्वरूप कैसा है, इसकी झलक भी कुंभ मेले में मिलती है। यद्यपि हमलावरों ने भारत पर अपनी विजय के लिए विभाजन की नीति अपनाई थी। सिकंदर के आक्रमण से सल्तनतकाल तक राज्यों के विभाजन की नीति और अंग्रेजीकाल में जाति विभाजन की नीति बनाई। अंग्रेजीकाल के इस षड्यंत्र को आज भी हम सरकारी नीतियों और राजनीति की राहों में देख सकते हैं। लेकिन, भारतीय समाज जीवन कितना समरस है, इसका दर्शन भारत के किसी भी तीर्थस्थल और महाकुंभ में देखा जा सकता हैं। वर्ष 2013 में संपन्न प्रयागराज महाकुंभ में लगभग बारह करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगाजी और संगम में स्नान किया था। इनमें भारत के प्रत्येक समाज वर्ग के लोग थे। इसमें धनी लोग भी थे और निर्धन भी, वनवासी भी थे और ग्रामवासी भी। नगरवासी भी थे और विदेशी भी, सबने एक दूसरे का सहयोग करके डुबकी लगाई थी। ऐसे सैकड़ों-हजारों लोग थे, जिन्होंने अपरिचित का हाथ पकड़ कर उसे डुबकी लगवाई थी। किसी ने किसी से जाति नहीं पूछी, नाम-पता नहीं पूछा। किसी की झलकती अमीरी या गरीबी देखकर मुंह न फेरा। सबने हंसते-हंसाते भजन गाते या हर-हर गंगे का उद्घोष करते डुबकी लगाई थी। विशेष पर्व के दिनों जब घाटों पर भीड़ बढ़ जाती है, तब किनारे पर पंक्ति बनाकर श्रद्धालुओं को रोका जाता है। सब एक पंक्ति में होते हैं। कोई किसी से उसकी जाति नहीं पूछता। कुंभ मेले में सैकड़ों-हजारों दुकानें लगती हैं। आधी से अधिक तो खाने-पीने और प्रसाद की वस्तुओं की होती हैं, पर भोजन सामग्री भी बिना किसी पूछताछ के प्रसाद खरीदकर भगवान को अर्पण होती है और अपने घर लाकर पड़ोसियों और शुभचिंतकों में वितरित की जाती है। भारतीय समाज जीवन का यही समरस स्वरूप उसकी वास्तविकता है, जो महाकुंभ में इस बार भी साक्षात हो रहा है।

विपक्ष की राजनीति में बड़ा बदलाव

आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दिल्ली विधानसभा चुनाव अलग-अलग लड़ रही हैं। इसके पीछे सामान्य तर्क यह है कि गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए था। आईएनडीआईए के किसी दल ने कांग्रेस का समर्थन नहीं किया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आप के लिए सभाएं करने की घोषणा की है और तृणमूल कांग्रेस एवं शिवसेना-उद्धव ने केजरीवाल को समर्थन देने की बात कही है। तेजस्वी यादव ने भी कहा है कि गठबंधन तो लोकसभा चुनाव के लिए था। हालांकि बिहार के संदर्भ में उन्होंने कांग्रेस के साथ होने का संकेत दिया। इसी दौरान महाराष्ट्र में आश्चर्यजनक परिवर्तन दिखा। उद्धव ठाकरे, संजय राउत और सुप्रिया सुले ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की खुलकर प्रशंसा की। इसकी कल्पना नहीं थी। बीते दिनों शरद पवार प्रधानमंत्री मोदी से मिले और वह भी ऐसे समय, जब भाजपा वक्फ संशोधन विधेयक से लेकर समान नागरिक संहिता पर प्रतिबद्धता दिखा रही है। हाल में पवार यह भी कह चुके हैं कि संघ के स्वयंसेवकों ने मेहनत की, जिसका लाभ भाजपा को मिला। इस सबका एक संकेत यही है कि आईएनडीआईए के घटक कांग्रेस के विरुद्ध हो रहे हैं। हाल में आईएनडीआईए में नेतृत्व बदलाव की बात पर ममता बनर्जी का नाम आया और उन्होंने कहा भी कि मैं तैयार हूं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद आईएनडीआईए में कांग्रेस विरोधी क्षेत्रीय दलों की एकजुटता का जो स्वर निकला, वह दिल्ली विधानसभा चुनाव में सशक्त होता दिख रहा है। भविष्य की राजनीति पर इसके गहरे प्रभाव पड़ने वाले हैं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अरविंद केजरीवाल हिंदुत्व की राजनीति को भी आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारे के ग्रंथियों को वेतन देने का वादा किया है। लगता है कि आप हिंदुत्व पर भाजपा को सीधी चुनौती देने वाली पार्टी की छवि बनाना चाहती है। इसी से जुड़ा पहलू इमामों को 18 महीने से वेतन नहीं दिया जाना है। इमामों का एक संगठन लगातार प्रदर्शन कर रहा है, किंतु न केजरीवाल उससे मिल रहे हैं और न कुछ बोल रहे हैं। यह रणनीति है कि हिंदुत्व समर्थकों को संदेश दिया जाए कि हमने इमामों के वेतन की घोषणा की, पर दे नहीं रहे हैं और अब पुजारियों और ग्रंथियों को वेतन देंगे। इसके पहले उन्होंने हिंदू श्रद्धालुओं के लिए तीर्थाटन की योजना शुरू की। आईएनडीआईए में वह अकेले नेता हैं, जिन्होंने परिवार सहित अयोध्या जाकर श्रीरामलला का दर्शन किया। यह नीति आईएनडीआईए के शेष दलों के अभी तक के राजनीतिक व्यवहार के विपरीत है। केजरीवाल वंदे मातरम और भारत माता की जय का नारा लगाते हैं। आईएनडीआईए के नेता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तीखी निंदा करते हैं। इसके विपरीत केजरीवाल ने संघ प्रमुख मोहन भागवत को सम्मानजनक तरीके से पत्र लिखकर पूछा कि भाजपा जिस तरह मतदाताओं के नाम कटवा रही है, क्या आप उससे सहमत हैं। इसके पहले उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा संघ की कोई आवश्यकता नहीं वाले बयान को उद्धत करते हुए पूछा था कि क्या इससे आपको दुख नहीं पहुंचा। ध्यान रहे कि केजरीवाल ने अभी तक किसी विचार के प्रति प्रतिबद्धता नहीं दिखाई है। वह अपनी राजनीति के लिए अपना रुख बदल देते हैं। आईएनडीआईए घटकों का हालिया व्यवहार बड़े बदलाव का संकेत है। इसमें संदेह है, तो थोड़ा पीछे लौटिए। 2021 विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी मंचों पर चंडी पाठ करते हुए स्वयं को निष्ठावान हिंदू साबित कर रही थीं। एक समय कांग्रेस के रणनीतिकार भी राहुल गांधी की निष्ठावान हिंदू वाली छवि बनाने की कोशिश कर रहे थे। कांग्रेस के मीडिया प्रमुख रहे रणदीप सिंह सुरजेवाला ने तो यहां तक कहा कि वह जनेऊधारी ब्राह्मण हैं। 2019 लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस की रणनीति बदली और भाजपा विरोधी तथा विशेषकर मुस्लिम मतों को साथ लाने के लिए अतिवादी कवायदें चलने लगीं। पिछले विधानसभा चुनाव में स्वयं को नास्तिकवादी मानने वाली पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम ने हिंदुओं को तीर्थ यात्राएं कराने एवं मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए राशि देने का एलान किया था। वास्तव में हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद आईएनडीआईए के अंदर अनेक नेताओं की धारणा बनी है कि हिंदुत्व लंबे समय तक मतदान के पीछे एक प्रमुख कारक होगा। भाजपा अपने आंतरिक या अन्य कई कारणों से कोई चुनाव हार सकती है या उसकी सीटें कम हो सकती हैं, लेकिन हिंदुत्व के प्रति मुखरता तथा अपनी पहचान को लेकर जो भावनाएं पिछले वर्षों में सशक्त हुई हैं, वे जाने वाली नहीं हैं। वे यह भी समझ रहे हैं कि कट्टर मुस्लिम नेताओं के बयानों पर शांत रहने और केवल भाजपा एवं संघ को कोसने के विरुद्ध आम मतदाताओं में विपरीत प्रतिक्रिया होती है। लगता है कि केजरीवाल ने इसे सही से समझा है। आईएनडीआईए के अन्य घटकों को भी यह लग रहा है कि कांग्रेस जिस तरह खुद को मुस्लिमपरस्त पार्टी साबित कर रही है, उससे आगे क्षति ही ज्यादा होनी है। ध्यान रहे कि अधिकांश दलों को हिंदुत्व से ज्यादा परहेज नहीं रहा है। वे केवल भाजपा के विरुद्ध राजनीति के लिए सेक्युलरवाद या अल्पसंख्यकवाद की नीति अपनाते रहे हैं। शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा या शिवसेना उद्धव जैसी पार्टियों के लिए इसमें कोई समस्या भी नहीं है। द्रमुक भी वाजपेयी सरकार में साझीदार रह चुकी है।

Social Media Corner

सच के हक में...

अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर समस्त देशवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है। मुझे विश्वास है कि यह दिव्य-भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

जय श्री राम! अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ की सभी रामभक्तों को हार्दिक शुभकामनाएं। प्रभु श्री राम का जीवन मानवता और नैतिकता का अनुपम उदाहरण है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा को समाप्त करते हुए, गत वर्ष मोदी जी ने अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा कर पूरे देश में आध्यात्मिक चेतना का पुनर्जागरण किया। यह भव्य मंदिर सदियों तक देशवासियों की आस्था और आकांक्षा का प्रतीक बना रहेगा। श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में योगदान देने वाले सभी महानुभावों का स्मरण कर उनका आभार व्यक्त करता हूँ। मोदी सरकार सांस्कृतिक विरासतों के पुनरोत्थान की दिशा में समर्पित भाव से कार्य करती रहेगी।

(गृह मंत्री अमित शाह का 'एक्स' पर पोस्ट)

क्या चीन में फैला है जानलेवा वायरस

सारी दुनिया में चर्चा है कि चीन में एक बार फिर कोरोना वायरस अथवा उसके जैसा ही खतरनाक, जानलेवा वायरस फैला है। चीन खामोश है। क्या चीन इस बार भी संक्रमण के विस्फोट और विस्तार को छिपाए रखेगा। भारत सरकार ने विश्व स्वास्थ्य संगठन से इन सवालों के स्पष्टीकरण मांगे हैं। क्या यह संगठन पुष्टि करेगा कि चीन में किस तरह का संक्रमण फैला है और वह भारत सरीखे पड़ोसी देशों के लिए कितना भयावह साबित हो सकता है। भारत का ह्यनेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) देश में सांस और मौसमी इन्फ्लूएंजा के मामलों पर करीबी नजर रखे है। संयुक्त निगरानी समिति जांच कर रही है कि देश पर किसी तरह के वायरस का प्रभाव शुरू हुआ है या नहीं। अलबत्ता जनता को आश्वस्त किया जा रहा है कि फिलहाल चिंता और दहशत की स्थिति नहीं है। चीन में ह्यूमन मेटापन्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के संक्रमण फैलने की खबर की पुष्टि हुई है। यह वायरस भी कोरोना महामारी के वायरस जैसा ही बताया जा रहा है। टीवी चैनलों पर कुछ वीडियो सार्वजनिक हुए हैं, जिनमें चीन के अस्पताल खचाखच भरे दिखाई दे रहे हैं। भीड़ का सैलाब उमड़ा है। लोग मास्क पहने हुए हैं। कुछ चीख-पुकार और कुछ बदहवासी का माहौल दिख रहा है। ऐसी भी सूचनाएं सार्वजनिक हुई हैं कि चीन में वायरस से मौतों का सिलसिला भी शुरू हो चुका है, लेकिन अभी तक कोई भी आंकड़ा घोषित या सत्यापित नहीं किया गया है। चीन सरकार इस बार भी खामोश है। चीन ने अपने यहां फ्लू के बड़े प्रकोप की खबरों को खारिज किया है। उसका यह रवैया नवंबर 2019 में भी लगभग यही था, जब कोरोना वायरस का पहला केस चीन के ही वुहान शहर में सामने आया था। तब उसे रहस्यमयी निमोनिया करार दिया गया था। चीन में ही कोरोना से हुई पहली मौत भी दर्ज की गई थी। कोरोना वैश्विक महामारी दुनिया भर ने झेली और 71 लाख से अधिक मौतें हुईं। भारत में भी करीब 5.5 लाख लोग कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण मारे गए। इस त्रासदी को अभूतपूर्व माना गया। दुनिया में गैर-सरकारी संगठनों और एजेंसियों ने मौत के आंकड़े कई गुना अधिक बताए थे। बहरहाल कोरोना संक्रमण के तनाव, भय, दंश, मौतों से लेकर आर्थिक तालाबंदी का वह दौर इतना भयावह था कि हम भूल नहीं सकते। भूलना भी नहीं चाहिए। चीन खुद को एक किले में बंद रखता आया है। वहां सामान्य मीडिया, सोशल मीडिया ही नहीं, लोगों पर भी पाबंदियां हैं कि वे किसी भी तरह की सूचना को सार्वजनिक नहीं कर सकते। जो कहना है, वह चीन सरकार ही कहेगी। वहां जो वायरस फैला है, उसके लक्षण भी कोरोना सरीखे ही हैं। लोगों में तेज बुखार देखा जा रहा है। फेफड़ों में संक्रमण और सांस लेने में परेशानी की खबरें भी आई हैं, लेकिन चीन में इस वायरस का प्रभाव कुछ अलग देखा जा रहा है कि संक्रमण 5 साल की उम्र से छोटे बच्चों में फैल रहा है। कोरोना संक्रमण से बच्चे प्रभावित नहीं हुए थे। उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता जन्म से ही मजबूत आंकी गई थी। कोरोना संक्रमण के शिकार बड़ी उम्र के लोग और अधिकतर बुजुर्ग लोग ही हुए। चीन ने अभी तक सांस संबंधी सामान्य संक्रमण को ही स्वीकार किया है। वहां के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि विदेशियों के लिए चीन की यात्रा बिलकुल सुरक्षित है। प्रवक्ता के मुताबिक, सर्दियों के मौसम में संक्रमण चरम पर होता है, लेकिन बीते वर्ष की तुलना में बीमारियां छोटे स्तर पर ही फैल रही हैं। बहरहाल, अब दायित्व विश्व स्वास्थ्य संगठन का है कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्पष्ट करे कि चीन में कोरोना सरीखे वायरस की मौजूदा स्थिति क्या है।



मंद होता विकास

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से संबंधित अपने पहले अनुमान में इस साल के दौरान अर्थव्यवस्था की साफ तौर पर सुस्त रफ्तार के बारे में उभरती आशंकाओं की पुष्टि की है। जहां चुनाव केंद्रित पहली तिमाही ने सार्वजनिक पूंजीगत व्यय पर असर डाला, वहीं दूसरी तिमाही कमजोर मांग और अभी भी कम सार्वजनिक पूंजीगत व्यय के चलते प्रभावित हुई। नतीजतन, सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर लुढ़कर सात तिमाही के निचले स्तर 5.4 फीसदी पर आ गई। भारत द्वारा चौथे साल सात फीसदी से ज्यादा की वृद्धि दर्ज करने का अनुमान लगाने वाले केंद्र और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी उम्मीदों को घटाकर क्रमशः लगभग 6.5 फीसद और 6.6 प्रतिशत तक सीमित कर दिया। यह अनुमान पहली छमाही की छह फीसद की वृद्धि दर की भरपाई करने के लिए साल की दूसरी छमाही में लगभग सात फीसद की वृद्धि दर की उम्मीदों पर आधारित था। थोड़ा कम आशावादी लगने वाले एनएसओ को आशंका है कि सकल घरेलू उत्पाद 2023-24 में 8.2 फीसदी से घटकर चार साल की सबसे कम रफ्तार 6.4 फीसदी की दर से बढ़ेगा, जबकि कृषि में पिछले साल की तुलना में काफी तेज बढ़ोतरी देखी गई है। मैन्यूफैक्चरिंग और खनन क्षेत्र की वृद्धि दर लगभग आधी हो सकती है और सेवा क्षेत्र भले ही अपेक्षाकृत बेहतर हालत में दिख रहे हों, फिर भी रफ्तार में कमी को लेकर कुछ चिंताएं हैं। मैन्यूफैक्चरिंग और सेवाओं, दोनों के लिए क्रय प्रबंधकों के सूचकांक (परचेजिंग मैनेजर्स इन्डीसेस) का औसत तीसरी तिमाही के दौरान दूसरी तिमाही के मुकाबले कम रहा। एनएसओ को उम्मीद है कि इस साल निजी उपभोग पिछले साल के चार फीसदी से बढ़कर 7.3 फीसदी हो जाएगा। लेकिन, तीसरी तिमाही के रुझान शहरी मांग में किसी उल्लेखनीय वृद्धि का संकेत नहीं देते हैं।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

Why China has made new units in Aksai Chin

China has just announced the creation of two new counties in Xinjiang: He'an and Hekang. These counties will cover the entire Aksai Chin plateau, including the 38,000 square km area claimed by India. Hongliu (Dahongliutan) is being announced as the capital of He'an and Xeyidula (Shahidullah) of Hekang.On December 27, 2024, Xinhua reported that the decision to create two new counties out of Hotan (Khotan) and Pishan counties had been approved by the Central Committee of the Communist Party of China and the State Council. The move comes after the Indian and Chinese troops completed the disengagement process along the LAC on October 28, 2024.The reason for Khotan's division is not clear. Gaustana or Godaniya, which translates to 'land of the cows' in Sanskrit, is Hotan's original name. It was called Ling-yul by the Ladakhis and Yu-ten by the Chinese.Before the Chinese arrived here in the ninth and tenth centuries, Khotan was an important point on the Silk Road, with a flourishing Indian culture. It was the centre of the ancient Buddhist Saka Kingdom. Khotan was ruled by Mirza Abu Bakr Dughlat before Gazi Sultan Syed Khan established the Yarkand Khanate in 1510.Khotan became a county in 1913 after the collapse of the Qing Empire. In 1919, the Karakax/Moyu county was separated from Khotan. In 1933, Muhammad Amin Bughra, a local Amir, declared Khotan an Emirate. The People's Liberation Army entered Hotan on December 22, 1949. In 2013, a Muslim uprising in Hanerik resulted in the death of hundreds of people.The greater part of Aksai Chin, which includes the picturesque Aksai Chin Lake or Amtogor Tso, will be included in the new He'an county, with Hongliu as its capital. Southeast of the Lingzi-Thang plains is Surigh Yilganing Kol, also called Salikyaili Genzhi Tso, from where Indian nomads collected salt until the 1950s to trade with other areas.India's claims line encompasses the strategically crucial Tianshuihai, which is also called by Ladakhis as the Thalda Basin or Mapothang. Tianshuihai is situated east of the Lakh-Zang range and northwest of the Aksai Chin Lake, which separates the Aksai Chin plateau from the Lingzi-Thang plains in the south and the Kunlun plains in the north.The 1962 clash between India and China took place in these locations. Tianshuihai and Tianwendian are major military sites in the PLA area, which is traversed by China's G315 and G219 highways.

The LAC is situated near Hongliu town, which is also called Dahongliutan. The place was earlier a barren stop for trucks travelling on the G219 highway. The area has become a hot spot for rare metal mining due to the abundant resources of lithium, rubidium, beryllium, tantalum and niobium. The Chinese have been developing infrastructure to make use of the abundant pegmatite resource in Dahongliutan, which is believed to have more than 2 million tonnes of lithium. It's possible that Hongliu's new administrative town is being constructed to promote mining. There are almost no villages in the region.It is inevitable that Aksai Chin, which is uninhabited, will eventually be subjected to a colonising mission. With large-scale investments by China in infrastructure and mining, Han migrants could enter the area claimed by India. China is possibly aiming to turn this deserted and prone-to-war frontier area into an economic outpost by connecting it to the global network as part of the Belt and Road Initiative.

It appears that the Hekang county, with Xeyidula (Shahidullah) as its capital, is being created from the current Pishan/Guma county. From here, the Karakash (Black Jade) river flows north into Khotan and becomes closer to Karakoram. Shahidulla in the Karakash Valley was a vital point of entry and location for the British, Russian, Chinese and Kashmiri empires during the Great Game.The Hindu Tash region in the Kunlun range was the extent of India's dominance at that time. Sumgal (meaning "three fords" in Ladakhi), which used to be the main route between Karakash and Khotan, is located between the Hindu-Tash mountain and the Aksai Chin plains.

Women defence officers are not cosmetic appendages

Now the real battle for women officers is to be prepared for gender-neutral norms, where they will be called on to deliver equal performance in all aspects of military service

When the annals are compiled of how women entered the forbidding portals of the Indian armed forces, at first hesitantly, then with more confidence when they found that the judiciary was prepared to call the system's bluff, the names of a handful of courageous women will be right up there. Smartly dressed women leading parades at Rajpath, flying aircraft or serving in militancy-infested areas are seen as India's pride. They are frequently brought out on display during ceremonial occasions as evidence that women do have an equal opportunity of employment as enshrined under the Constitution.

Few, however, know of the odds they have battled to reach there. They have battled gender discrimination, patriarchy, prejudice, stereotypes and humiliation only because, as an honourable judge notes, "they were women."

The recent controversy over a leaked letter by a Corps Commander to his superior officer, the Eastern Army Commander, that contained adverse comments about the performance of eight women commanding officers under him give us a rude insight into what the Army's top brass really thinks about having women working alongside them in command and other assignments. The worthy general did not feel the need to do a similar evaluation of the 40-odd male commanding officers in his command.Be that as it may, the women corps will probably dismiss the general's slights with a wry smile because it is just one among the many hurdles they have overcome.The trajectory of women's participation in the armed forces has been charted in an anthology, appropriately titled 'In Her Defence'. It tells the story through essays and commentaries by jurists and academics. Edited by military lawyer Navdeep Singh and Shivani Dasmahapatra, it also busts several myths or 'urban legends', as advocates like to call the falsehoods that have grown around the issue.Chief among the falsehoods is that women have been clamouring for entry into frontline combat arms like the infantry or the armoured corps — areas that are barred for them as a matter of policy.

